Web Portal
www.ghatatighatana.com
G.G. News
सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...
RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020-2022

# घटती घटना

अम्बिकापुर, वर्ष 18,अंक -348 सोमवार ,24 अक्टूबर 2022, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये

**ज्ञान की बातें**

जैसी मन की भावना
होती है वैसी ही
छवि दिखलाई पड़ती है।
- तुलसीदास-




दैनिक अखबार घटती-घटना के सुधि पाठकों,विज्ञापनदाताओं,शुभचिंतको एवं जिले व प्रदेश तथा देशवासियों को दीपों का त्यौहार दीपावली की घटती-घटना परिवार की ओर से अशेष शुभकामनायें एवं हार्दिक बधाई...

मंगल कामनाओं के साथ ....

संपादक

**अवकाश सूचना**

दीपावली के अवसर पर दैनिक घटती-घटना कार्यालय में 24 व 25 अक्टूबर 2022 को अवकाश रहेगा।


अतः अगला अंक गुरूवार,27 अक्टूबर 2022 को प्रकाशित होगा।

व्यवस्थापक

## दीपोत्सव का शुभारंभ कर पीएम मोदी बोले-भगवान राम के आदर्शों पर चलना सभी भारतीयों का कर्तव्य है







**अयोध्या, 23 अक्टूबर 2022।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को उत्तर प्रदेश में श्रीरामनगरी अयोध्या में छठे दीपोत्सव समारोह को संबोधित करते हुए भारत के जन जन की आस्था के केन्द्र श्रीराम के आदर्शों को कर्तव्य बोध का प्रतीक बताया। उन्होंने देशवासियों से आह्वान किया, ''राम कर्तव्य-भावना से मुख नहीं मोड़ते हैं। भगवान राम के आदर्शों पर चलना सभी भारतीयों का कर्तव्य है।

बता दें कि दीपोत्सव के अवसर पर पूरी अयोध्या राममय हो गई है। आज अयोध्या में 15 लाख दीपों को एक साथ प्रज्वलित कर विश्व रिकॉर्ड बनाया गया है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहे। उन्होंने अयोध्या पहुंचते ही सबसे पहले रामलला के दर्शन किए और फिर राम मंदिर निर्माण की प्रगति देखी। मोदी ने यहां दीपोत्सव का उद्घाटन करने से पूर्व रामकथा पार्क में भगवान राम का प्रतीकात्मक राज्याभिषेक करने के बाद अपने संबोधन में यह बात कही। प्रधानमंत्री मोदी ने वर्तमान परिस्थितियों में श्री राम के आदर्शों के व्यवहारिक स्वरूप की भी व्याख्या की। उन्होंने कहा, ''राम किसी को पीछे नहीं छोड़ते हैं। राम कर्तव्य-भावना से मुख नहीं मोड़ते हैं। इसलिए, राम, भारत की उस भावना के प्रतीक हैं, जो मानती है कि हमारे अधिकार हमारे कर्तव्यों से स्वयं सिद्ध हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान राम ने अपने वचन में, अपने विचारों में, अपने शासन में, अपने प्रशासन में जिन मूल्यों को गढ़ा, वो 'सबका साथ-सबका विकास% की प्रेरणा है। साथ ही भगवान राम के मूल्य 'सबका विश्वास-सबका प्रयास% का आधार भी हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, ''जब श्रीराम का अभिषेक होता है, तो हमारे भीतर भगवान राम के आदर्श, मूल्य और अधिक दृढ़ हो जाते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसी वजह से भगवान राम आज भी भारत में जन जन की आस्था के केन्द्र हैं और जनसामान्य के जीवन में व्यवहारिक एवं अनुकरणीय हैं। मोदी ने कहा, ''भगवान राम, मर्यादापुरुषोत्तम कहे जाते हैं। मर्यादा, मान रखना भी सिखाती है और मान देना भी, और मर्यादा, जिस बोध की आग्रह होती है, वो बोध कर्तव्य ही है।



## विधानसभा उपाध्यक्ष ममानी का निधन,56 साल की आयु में ली अंतिम सांस

**बेंगलुरु ,23 अक्टूबर 2022।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक एवं कर्नाटक विधानसभा के उपाध्यक्ष आनंद ममानी का शनिवार की रात एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। पारिवारिक सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि ममानी किसी गंभीर बीमारी से ग्रस्त थे। वह 56 वर्ष के थे। सौदत्ती सीट से तीन बार विधायक रहे ममानी के परिवार में पत्नी, एक बेटा और एक बेटी है। राज्य के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने अस्पताल में उन्हें श्रद्धांजलि दी। बोम्मई ने ट्वीट किया, हमारी पार्टी के विधायक एवं विधानसभा उपाध्यक्ष आनंद चंद्रशेखर ममानी के निधन के बारे में जानकर अत्यंत दुख हुआ।

## अमिताभ बच्चन के पैर की नस कटी और टांके लगे!

**मुंबई, 23 अक्टूबर 2022।** सदी के महानायक Amitabh Bachchan हाल ही में क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति 14' के सेट पर एक दुर्घटना का शिकार हो गए। इस हादसे में बिग बी के पैर की नस कट गई, जिसके चलते उन्हें काफी चोट आई। अमिताभ बच्चन ने खुद अपने ब्लॉग में इस बात का खुलासा किया है।



महानायक ने बताया कि सेट पर पैर की नस कट जाने के कारण उन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया. उन्होंने बताया कि चोट लगने के बाद उनके पैर में कुछ टांके आए। हालांकि, खुशी की बात यह है कि बिग बी अब पूरी तरह स्वस्थ हैं।

अमिताभ बच्चन ने खुद फैंस से यह कहा है कि अब वह पूरी तरह ठीक हैं और अब चिंता करने की कोई बात नहीं। अमिताभ बच्चन ने अपने ब्लॉग में यह भी बताया कि उन्हें यह चोट कैसे लगी?

अमिताभ बच्चन ने बताया कि मेटल की एक धारदार चीज से उनके बाएं पैर के पिछले हिस्से पर कट लग गया, जिसके बाद खून बहना शुरू हो गया। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जिसके बाद उनके पैर में टांके आए हैं। अमिताभ बच्चन फिलहाल खतरे से बाहर हैं, लेकिन डॉक्टर्स ने उन्हें फिलहाल आराम करने की सलाह दी है। डॉक्टर्स ने बिग बी को पैरों पर जोर देने या चलने से मना किया है। यहां तक कि वो ट्रेडमिल पर भी वॉक नहीं कर सकते हैं।

## एक्टर के फैंस ने फोड़े पटाखे,थिएटर में लगी आग



**अमरावती , 23 अक्टूबर 2022।** आंध्र प्रदेश के एक थिएटर में रविवार को एक्टर प्रभास की फिल्म की स्क्रीनिंग पर खुशी जताते हुए फैंस ने पटाखे फोड़े। इस दौरान थिएटर में आग लग गई।

घटना पश्चिम गोदावरी जिले के ताडेपल्लीगुडेम कस्बे की है। वेंकटरमण थिएटर में उनकी फिल्म बिल्ला की स्क्रीनिंग के दौरान प्रभास के फैंस ने पटाखे फोड़े। साथ ही प्रभास का जन्मदिन भी मनाया। पटाखे से निकली चिंगारी से थिएटर की सीटों में आग लग गई। आग की लपटें तेजी से फैलते देखकर दर्शक दहशत में आ गए और बाहर की ओर भागे। गनीमत है कि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। थिएटर के कर्मचारियों ने फिल्म देख रहे कुछ लोगों की मदद से आग पर काबू पा लिया। फिल्म बिल्ला में प्रभास और उनके चाचा व अनुभवी अभिनेता कृष्णम राजू लीड रोल में है। हाल ही में कृष्णम राजू का निधन हो गया। जिसके कारण एक्टर इस साल अपना जन्मदिन नहीं मना रहे हैं।

## आईटीडीसी के चेयरमैन के पद पर होने के बावजूद संबित पात्रा कर रहे भाजपा का प्रचार : आतिशी

**नई दिल्ली, 23 अक्टूबर 2022।** आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता आतिशी ने केंद्र सरकार के पर्यटन मंत्री को पत्र लिखकर संबित पात्रा को इंडियन टूरिज्म कॉर्पोरेशन चेयरमैन के पद से हटाने की मांग की है। ÷आप÷ की वरिष्ठ नेता आतिशी ने कहा कि इंडियन टूरिज्म कॉर्पोरेशन के चेयरमैन नियुक्त होने के बाद संबित पात्रा पब्लिक सर्वेंट की लीगल डेफिनेशन के तहत शामिल हो जाते हैं। एक पब्लिक सर्वेंट होने के नाते कोई भी व्यक्ति न किसी पार्टी से जुड़ा हो सकता है और न किसी पार्टी के लिए प्रचार कर सकता है। इसके अलावा न अपने सरकारी पद को किसी भी पार्टी को प्रमोट करने के लिए इस्तेमाल कर सकता है। आईटीडीसी चेयरमैन व पब्लिक सर्वेंट होने के बावजूद संबित पात्रा भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्र प्रवक्ता के पद पर बने हुए हैं। वह बिना किसी नियम कानून को ध्यान में रखे भारतीय जनता पार्टी के लिए प्रचार, प्रेस कॉन्फ्रेंस और टीवी डिबेट्स करते हैं। इन्ही कारणों से केंद्रीय पर्यटन मंत्री किशन रेड्डी जी और सेंट्रल विजिलेंस कमीशन को शिकायत पत्र लिखा है। इसके जरिए मांग कि है कि संबित पात्रा को तुरंत प्रभाव से आईटीडीसी के चेयरमैन पद से हटाया जाए।आतिशी ने कहा कि कल मैंने केंद्र सरकार के टूरिज्म मिनिस्टर जी किशन रेड्डी जी को एक पत्र लिखा है। उस पत्र की कॉपी मैंने सेंट्रल विजिलेंस कमीशन के चेयरमेन सुरेश पटेल जी को भी भेजी। मैंने उसमें संबित पात्रा जी के चेयरपर्सन इंडियन टूरिज्म कॉर्पोरेशन से हटाए जाने की मांग की है। इस शिकायत पत्र के तथ्य मैं आपसे साझा करना चाहूंगी। 30 नवंबर 2021 को संबित पात्रा जी को इंडियन टूरिज्म डेवेलपमेंट कॉर्पोरेशन (आईटीडीसी) का चेयरपर्सन नियुक्त किया गया। आईटीडीसी केंद्र सरकार के तहत आता है और इंडियन टूरिज्म कॉर्पोरेशन के चेयरमेन नियुक्त होने के बाद संबित पात्रा जी पब्लिक सर्वेंट की लीगल डेफिनेशन के तहत शामिल हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि पब्लिक सर्वेंट को इंडियन पीनल कोर्ट (आईपीसी) में, प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट में, सेंट्रल सिविल सर्विसेज (सीसीएस) रूल्स आदि में स्पष्ट तौर पर परिभाषित किया गया है। एक पब्लिक सर्वेंट की सबसे महत्वपूर्ण परिभाषा है कि कोई भी पब्लिक सर्वेंट किसी भी पॉलिटिकल पार्टी से जुड़ा हुआ नहीं होगा। एक पब्लिक सर्वेंट होने के नाते कोई भी व्यक्ति न किसी पार्टी से जुड़ा हो सकता है, न किसी पार्टी के लिए प्रचार कर सकता है, न अपने सरकारी पद को किसी भी पार्टी को प्रमोट करने के लिए यूज कर सकता है। परंतु संबित पात्रा जी चेयरमेन आईटीडीसी व पब्लिक सर्वेंट होने के बावजूद भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्र प्रवक्ता के पद पर बने हुए हैं। आतिशी ने कहा कि आप सभी संबित पात्रा जी को भाजपा की प्रेस कॉन्फ्रेस करते हुए, भाजपा की तरफ से टीवी डिबेट्स और भाजपा का चुनावी राज्यों में प्रचार करते हुए देखते हैं। टीवी डिबेट्स, प्रेस कॉन्फ्रेंसिज, चुनावी प्रचार आदि बेहत स्पष्ट तौर से सेंट्रल सिविल सर्वेंट रूल का वॉयलेशन है। लेकिन संबित पात्रा जी बिना किसी नियम कानून को ध्यान में रखे भारतीय जनता पार्टी के लिए प्रचार, प्रेस कॉन्फ्रेस और टीवी डिबेट्स करते हैं। संबित पात्रा जी की ट्विटर टाइमलाइन पर बहुत सारे पॉलिटिकल वीडियोज और बहुत सारे पॉलिटिकल डिबेट्स उनके अपने सरकारी दफ्तर से करते हुए हैं, जो एक पब्लिक आफिस के मिसयूज का स्पष्ट उदाहरण है। इन्हीं सब कारणों से मैंने केंद्रीय पर्यटन मंत्री जी किशन रेड्डी जी और सेंट्रल विजिलेंस कमीशन को शिकायत पत्र लिखा है।




## गर्ल हॉस्टल में झाकने वाला युवक हुआ गिरफ्तार

**मध्यप्रदेश, 23 अक्टूबर 2022।** मध्यप्रदेश के छतरपुर में एक नौजवान युवक बड़ी ख़राब आदत का शिकार था7वो अक्सर लड़कियों के बाथरूम में तांक-झांक किया करता था।लड़कियां इस युवक की हरकतों से काफी परेशान रहती थी। युवक इतना चालाक था कि कब बाथरूम में तांक -झांक कर निकल भागता था,लड़कियों को पता ही नहीं चल पाता था। पीड़ित लड़िकयों ने उसकी बुरी नजरो का कई बार एहसास भी किया। लेकिन उसे पहचान नहीं पाई।

हालाँकि,कुछ एक लड़कियों को उसका हुलिया समझ में आ गया। लड़कियों ने उसकी खोजबीन शुरू की,आखिरकार एक दूकान में वो दिखाई दिया। बताया जाता है कि बाथरूम से तांक झांक कर युवक एक दिन जब निकल भागा ,लड़कियों ने उसका पीछा किया,और फिर पुलिस में शिकायत दर्ज किया।

बताया जाता है कि एक सरकारी गर्ल्स हॉस्टल के वॉशरूम में कथित तौर पर यह बदमाश युवक अक्सर झाँका करता था। उसे पुलिस ने गिरफ्तार किया है। स्थानीय थाने में छात्राओं ने अपनी शिकायत में कहा कि उन्होंने पूर्व में भी इस तरह की घटनाएं देखी हैं, लेकिन वह युवक की पहचान नहीं कर सकीं।





छतरपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह ने बताया कि गर्ल्स हॉस्टल की लड़कियों के एक ग्रुप ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसकी बाद आरोपी की पहचान की गई। उसकी पहचान नितेश करोसिया नामक युवक के रूप में की गई है.

काफी खोजबीन के बाद हॉस्टल से सटे एक स्थानीय किराना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे से इस युवक की पहचान की हुई । शिकायत के आधार पर स्थानीय पुलिस ने स्नद्धक्र दर्ज की है। खबर आ रही है कि उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 354 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## कानून मंत्री ने दी धमकी,तो हाई हो गया राज्यपाल का पारा! पढ़ाया संविधान का पाठ

**तिरुवनंतपुरम, 23 अक्टूबर 2022।** केरल में इन दिनों सियासी पारा हाई हो गया है. राज्य सरकार और राज्यपाल के बीच जुबानी जंग चर्चा का विषय बन गया है. दरअसल, कानून मंत्री पी राजीव ने राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को चेतावनी देते हुए उनकी कार्रवाई की समीक्षा करने की धमकी दे डाली है।



कानून मंत्री के इस बयान पर राज्यपाल भी भड़क गए हैं। राज्यपाल ने कहा कि कानून मंत्री कहते हैं, वह मेरी कार्रवाई की समीक्षा करने जा रहे हैं। राज्यपाल के रूप में, मैं यहां उनके कार्यों की समीक्षा करने के लिए हूं। वे मेरे द्वारा नियुक्त हैं। इसका मतलब है कि वह संविधान के प्रावधानों से परिचित नहीं है। उन्होंने कहा कि केरल में मेधावी लोग बाहर चले गए हैं और इस तरह से अज्ञानी शासन कर रहे हैं।

एक किताब के अनावरण के मौके पर आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि केरल भी ड्रग कैपिटल बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब केरल, पंजाब की जगह पर ड्रग कैपिटल बन रहा है क्योंकि राज्य सरकार शराब की बिक्री को बढ़ावा दे रही है।

राज्य सरकार ने तय कर लिया है कि लॉटरी और शराब ही हमारे विकास के लिए काफी है। यह उस राज्य के लिए कितना शर्मनाक है जहां साक्षरता दर 100 प्रतिशत है। मुझे शर्म आती है कि हमारे राज्य की आय का स्रोत शराब और लॉटरी है।

केरल के कानून और उद्योग मंत्री पी राजीव ने गुरुवार को राज्य के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के केरल विश्वविद्यालय के 15 सदस्यों को बर्खास्त करने के आदेश पर प्रतिक्रिया व्यक्त की और कहा कि वह जांच करेंगे कि पारित आदेश प्रक्रियात्मक था या नहीं।



## असम सरकार ने कर्मचारियों के डीए में बढ़ोतरी की घोषणा की

**गुवाहाटी, 23 अक्टूबर 2022।** दिवाली से एक दिन पहले असम सरकार ने राज्य सरकार के कर्मचारियों का महंगाई भत्ता (डीए) बढ़ाने की घोषणा की है। डीए में बढ़ी हुई दर इस साल जुलाई से लागू होगी। इस बात का ऐलान खुद मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने किया है। सरमा ने रविवार सुबह ट्विटर पर लिखा, राज्य सरकार के कर्मचारियों/अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों के लिए इस महीने के वेतन के साथ देय 1 जुलाई, 2022 से 4 प्रतिशत अतिरिक्त महंगाई भत्ते की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। उन्होंने कहा कि, इससे उत्सव के स्वाद में और खुशी आएगी। मुख्यमंत्री ने आगामी दीपावली की भी शुभकामनाएं दीं।

## दिवाली के अवसर पर गांधी परिवार के दो एनजीओ पर गृह मंत्रालय ने प्रतिबंध लगाया : संबित पात्रा

**नई दिल्ली, 23 अक्टूबर 2022।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि दीपावली के शुभ अवसर पर गृहमंत्रालय द्वारा भ्रष्टाचार पर कुठाराघात हुआ है। आज खबर आयी है कि गृह मंत्रालय ने गांधी परिवार के दो एनजीओ राजीच गांधी फाउंडेशन आरजीएफ और राजीव गांधी चैरिटेबल ट्रस्ट पर प्रतिबंध लगाने का काम किया है। यह प्रतिबंध फॉरेन कन्टीब्यूटरी रेगुलेटरी एक्ट 2002 एफसीआरए के तहत प्रतिबंध लगाया गया है। संबित पात्रा ने कहा कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्षा सोनिया गांधी इन दोनो एनजीओ की भी अध्यक्षा है और गृह मंत्रालय के इस फैसले का स्वागत देश की जनता और भारतीय जनता पार्टी करती है। संबित पात्रा ने कहा कि राजीव गांधी फाउंडेशन को लेकर पिछले कुछ वर्षो से बहुत सारे खुलासे सार्वजनिक हुए थे। वर्ष 2020 में गृह मंत्रालय ने विदेशी फंडिंग की जांच को लेकर अंतर मंत्रालीय समिति का गठन किया था। इस समिति में सीबीआई एवं ईडी के अधिकारी शामिल थे, जो इनकम टैक्स और एफसीआर एक्ट के तहत मनी लॉडिंग के मामले की जांच कर रहे थे। संबित पात्रा ने कहा कि आज खबर आयी है कि उस समिति के रिपोर्ट के अनुसार राजीव गांधी फाउंडेशन और राजीव गांधी चैरिटेबल टस्ट पर प्रतिबंध लगाया गया है। संबित पात्रा ने कहा कि भारतीय जना पार्टी के राष्टीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने 2020 में जनसभा में उजागार किया था कि एक-दो बार नहीं बल्कि तीन-तीन बार चीन के कम्यूनिस्ट पार्टी और चीन दूतावास से राजीव गांधी फाउंडेशन से डोनेशन लिया था। आरजीएफ के चेयरपर्सन सोनिया गांधी है और इसमें राहुल गांधी एवं प्रियंका वाड्रा भी ट्रस्टी है । जेपी नड्डा ने उस वक्त भी आरजीएफ का कच्चा चिट्ठा सबके सामने रखा था। आज



दोबार आरजीएफ के कच्चा चिट्ठा को सबके सामने रख रहा हूँ।राजीव गांधी फाउंडेशन के डोनेशन लिस्ट में गर्वनमेंट ऑफ पीपुल्स रिब्लिक ऑफ चाइना है। तत्कालीन रिमोट कन्टोल वाली मनमोहन सरकार के दौरान यूपीए के अध्यक्षा सोनिया गांधी थी और उस वक्त आरजीएफ की अध्यक्षा भी सोनिया गांधी थी। सोनिया गांधी उस दौरान चीन के सरकार से करोड़ो रूपए ली थी। उस वक्त चीन के सरकार के अलावा चीन के दूतावास से भी डोनेषन लिया गया है यह बहुत ही सोचनीय एवं चिंतित करने वाला विषय है। संबित पात्रा ने कहा कि राहुल गांधी ने चीन को लकर बहुत सारे सवाल पूछे थे और भारतीय जनता पार्टी ने भी जवाब दिया था। भारत चीन सीमा पर डोकलाम विवाद के दौरान राहुल गांधी ने चीनी टेंट के नीचे गांधी कुनबा पकड़ा गया था। आज देश की जनता भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र सरकार को धन्यवाद देती है कि आरजीएफ के उपर अंकुश लगाया गया है।बीजींग ओलम्पिक में पूरा का पूरा गांधी परिवार बीजींग गया था। सोनिया गांधी के साथ राहुल गांधी, प्रियंका वाडा और राबर्ट वाड्रा भी शामिल थे। इस दौरान चीन के राष्टपति शी जिनपिंग और राहुल गांधी के बीच एक समझौता एमओयू हुआ था। उसके बाद आरजीएफ को डोनेषन मिला था। भारतीय जनता पार्टी इस समझौता को लेकर कई बार सवाल पूछे किन्तु कांग्रेस पार्टी ने अबतक कोई जवाब नहीं दिया है।भारतीय जनता पार्टी ने राजीव गांधी फाउंडेशन के दूसरे घोटाले का भी उजागर किया था। 1948 में प्रधानमंत्री राष्ठीय राहत कोष बना था इसके माध्यम से प्राकृतिक आपदा के षिकार लोगों को मदद पहुंचाना मुख्य उद्देष्य था। बड़े आष्चर्य की बात थी कि प्रधानमंत्री राष्टीय राहत कोष के बहुत बड़ी राषि राजीव गांधी फांउडेषन को चंदा और गिफ्ट के रूप् में दिया गया था। तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने संसद में लगभग 100 करोड़ रूप्ए की राषि राजीव गांधी फाउंडेशन में देने की घोषणा की थी। इसके अलावा सात मंत्रालय और पब्लिक सेक्टर यूनिट भी सोनिया गांधी की अध्यक्षता में चल रही एनजीओ राजीव गांधी फाउंडेशन को चंदा दिए थे। चंदा देने वाली लिस्ट में एलआईसी, गेल, ऑयल इंडिया लिमिटेड, ओरिएंटल बैंक आफ कामर्स, एसबीआई, बैंक आफ महाराष्ट्र, हाउसिंग ऑफ अर्बन डेवलमेंट कॉरपारेषन लिमिटेड, हुडको, ओएनजीसी, स्टील ऑथोरिटी आफ इंडिया लिमिटेड शामिल है।

# संपादकीय

## फिर उलटा पड़ता प्रतिबंध

रूस पर प्रतिबंधों के अनुभव से कोई सबक ना लेकर हाई टेक में क्षेत्र में चीन की बढ़त रोकने के लिए अमेरिका सख्त प्रतिबंधों की राह पर आगे बढ़ा है। लेकिन सेमीकंडक्टर क्षेत्र में उसका ये कदम बैकफायर करता दिख रहा है।

यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद अमेरिका और यूरोप ने रूस पर जो प्रतिबंध लगाए, उनका उलटा असर हुआ। उनसे रूस की अर्थव्यवस्था तो उतनी प्रभावित नहीं हुई, लेकिन यूरोप के लिए तबाही के रास्ते खुल गए। पश्चिम में यह अहसास तीन या चार महीनों के बाद जाकर हुआ। लेकिन तब तक पश्चिम के लिए कदम पीछे खींचने के विकल्प सीमित हो चुके थे। बहरहाल, अमेरिका ने उससे कोई सबक नहीं लिया। हाई टेक में क्षेत्र में चीन की बढ़त रोकने के लिए वह सख्त प्रतिबंधों की राह पर आगे बढ़ा है। लेकिन सेमीकंडक्टर क्षेत्र में उसका ये कदम फिर बैकफायर करता दिख रहा है। द वॉल स्ट्रीट जर्नल से लेकर रिपोर्टों और विश्लेषणों में अमेरिकी चिप इंडस्ट्री के संकटग्रस्त होने की चर्चा खुल कर हुई है। काबिल-ए-गौर बात इस उद्योग से जुड़े लोगों की सामने आई यह राय है कि अमेरिकी प्रतिबंधों से हाई टेक क्षेत्र में चीन की प्रगति की रफ्तार तो घटेगी, लेकिन अब वह इतना आगे बढ़ चुका है कि देर-सबेर सेमीकंडक्टर उत्पादन के मामले में आत्म निर्भर हो जाएगा। जबकि दुनिया का सबसे बड़ा बाजार- यानी चीन के हाथ से निकलने के बाद अमेरिका की प्राइवेट सेक्टर की कंपनियां अपने पूंजीगत निवेश मे कटौती के लिए मजबूर हो जाएंगी।

इसका असर उनके रिसर्च एंड डेवलपमेंट पर पड़ेगा। इससे संभव है कि भविष्य में जहां चीन इस क्षेत्र में अग्रणी बन जाए, वहीं अमेरिका का प्रभाव घट जाए। इस सिलसिले में इन तथ्यों का उल्लेख किया गया है कि 2021 में चीन ने न सिर्फ संख्या बल्कि गुणवत्ता वाले रिसर्च पेपर के प्रकाशन के मामले में भी अमेरिका को आगे छोड़ दिया। इसी वर्ष चीनी कंपनियों ने जहां 73 हजार से ज्यादा पेंटेट हासिल किए, वहीं अमेरिका के मामले में ये संख्या। 56 हजार रही। हर साल पढ़ कर बाहर आने वाले इंजीनियर और टेककर्मियों के मामले में चीन काफी पहले आगे निकल चुका है। ऐसे में सेमीकंडक्टर क्षेत्र में उसका पिछड़ापन स्थायी रहेगा, यह मानने की कोई ठोस वजह नहीं है। इसलिए बेहतर होता अगर अमेरिका प्रतिबंधों की अप्रासंगकिता को समझता। लेकिन ऐसा होने के कोई संकेत नहीं हैं।

# लोकतांत्रिक प्रक्रिया से चुनाव होने के बावजूद कांग्रेस में असंतोष क्यों?



रवि सिंह
कटकोना
कोरिया छत्तीसगढ़

**» राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव लोकतांत्रिक प्रक्रिया से होने के बावजूद क्या पहले से ही राष्ट्रीय अध्यक्ष का जीतना तय था?**

**» भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव लोकतांत्रिक प्रक्रिया से होने के बावजूद सवालों के घेरे में?**

**» मल्लिकार्जुन खगे राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने बाद उठने कई लगा सवाल।**

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव क्या सही मायने में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के अनुसार संगठन के अध्यक्ष पद का चुनाव था या यह मात्र दिखावा था, यदि पूरी निर्वाचन प्रक्रिया को देखा जाए तो यह मात्र दिखावा ही कहा जा सकता है और इस चुनाव को मनोनयन ही कहा जा सकता है। राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में जब यह तय था कि जो नाम गांधी परिवार से सामने आएगा वही अध्यक्ष की कुर्सी तक पहुंच पायेगा और हुआ भी वैसा ही ऐसे में लोकतांत्रिक प्रक्रिया का पालन किया गया ऐसा कहना सर्वथा अनुचित भी है।

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनाव लोकतांत्रिक प्रक्रिया से संपन्न होगा जिस पर कांग्रेस वाहवाही लूट रही थी पर अचानक छत्तीसगढ़ में इसी चुनाव में आई गड़बड़ी को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं वही राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनाव के प्रत्याशी शशि थरूर चुनाव में गड़बड़ी की आशंका को लेकर मीडिया के सामने बयान भी दे चुके हैं पर ऐसे में सवाल यह उठता है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष पहले से ही तय था? क्योंकि जिस प्रकार से मतदान एक तरफा एक ही प्रत्याशी के तरफ पड़ा जिसे देखकर लगता है कि पहले से ही यह सभी को बता दिया गया था कि किस के पक्ष में मतदान करना है क्योंकि वोट किस संख्या पर भी गौर डालें तो कुछ ऐसा ही दिखता है चुनाव में कुल 9385 मत डाले गए और जिसमें गांधी परिवार के



पसंदीदा उम्मीदवार मल्लिकार्जुन खड़गे को 7897 मत मिले और वहीं शशि थरूर को 1072 मत ही मिल सके कुल 414 मत अमान्य हुए और मल्लिकार्जुन खड़गे अध्यक्ष चुन लिए गए। पूरे निर्वाचन प्रक्रिया में खामी रही यह शशि थरूर ने भी कहा और हार को स्वीकार किया लेकिन क्या सच मे खामियां रहीं, यदि छत्तीसगढ़ की ही बात की जाए तो अभी तक एक डेलीगेट्स के नाम से दो मत पड़ने की बात सामने आ चुकी है वहीं डेलीगेट्स को प्रभावित भी किया गया यह भी आरोप पूरे निर्वाचन प्रक्रिया के ऊपर लग चुका है। कांग्रेस पार्टी में लोकतंत्र है यह साबित करने के लिए दिखावे बतौर यह चुनाव सम्पन्न कराया गया और परिणाम पहले से सामने था यह सभी जानते हैं लेकिन कांग्रेस के पास कहने को एक मुद्दा मिल गया कि उसका अध्यक्ष निर्वाचन प्रकिया से जीतकर आया हुआ अध्यक्ष है। चुने गए अध्यक्ष को गांधी परिवार ने चुना है और उसपर केवल मतों का मोहर लग गया है यही सही तथ्य है वहीं अध्यक्ष बनने के बाद कांग्रेस अध्यक्ष का पार्टी के निर्णयों में कितना अधिकार रहता है यह देखने वाली बात होगी, क्या अध्यक्ष ही निर्णय लेंगे या अभी भी मुख्य निर्णय गांधी परिवार लेगा और अध्यक्ष केवल घोषणा करने वाले रहेंगे।कां ग्रेस पार्टी में गांधी परिवार से बढ़कर कभी कोई नहीं रहा और ऐसा ही इस चुनाव में भी देखने को मिला जिसे गांधी परिवार ने अध्यक्ष पद के लिए आगे किया वही अध्यक्ष बना और अब रास्ट्रीय अध्यक्ष बनकर पार्टी की बागडोर सम्हालने तैयार भी हैं।

वैसे कांग्रेस अध्यक्ष के लिए हुए निर्वाचन प्रक्रिया व मतगणना पूर्ण होने व परिणाम घोषित होने से पहले ही राहुल गांधी ने मल्लिकार्जुन खड़गे को अध्यक्ष मानकर बयान दे दिया था और पूरे एक घण्टे पहले उन्होंने ऐसा बयान दिया था जिसके बाद भी समझा जा सकता है कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष किसकी मंशा से अध्यक्ष बने हैं। कांग्रेस पार्टी अपने पार्टी के भीतर इसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया अनुसार चुना हुआ अध्यक्ष कहने से पीछे नहीं हट रही है और वहीं पूरी निर्वाचन प्रक्रिया सभी के सामने है कि किस तरह का निर्वाचन रहा यह। चुनाव में शशि थरूर को भी मत मिले और उन्हें ऐसे लोगों के मत मिले जो कांग्रेस पार्टी के लोकतांत्रिक प्रक्रिया को अमली जामा पहनाना चाहते थे वे वैसे लोग नहीं थे जिन्होंने निर्देशों के तहत मत दिए।

# नरक चतुर्दशी:नरक के भय से मुक्ति



योगेश कुमार गोयल
नजफगढ़,
नई दिल्ली




दीवाली के पांच महापर्वों की श्रृंखला में दूसरा पर्व है 'नरक चतुर्दशी', जो कार्तिक कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को मनाया जाता है। 'रूप चतुर्दशी', 'काल चतुर्दशी' 'नरक चौदस', 'छोटी दीपावली' इत्यादि विभिन्न नामों से जाना जाने वाला यह पर्व हालांकि सदैव दीवाली से एक दिन पहले ही मनाया जाता रहा है किन्तु इस वर्ष यह पर्व दीवाली के ही साथ 24 अक्तूबर को ही मनाया जा रहा है। जैसा कि इस पर्व के नाम से ही आभास होता है कि इसका संबंध भी किसी न किसी रूप में नरक अथवा मृत्यु से है। यम को मृत्यु का देवता और संयम के अधिष्ठाता देव माना गया है। इसीलिए इस दिन यमराज और धर्मराज चित्रगुप्त का पूजन करते हुए उनसे प्रार्थना की जाती है कि उनकी दयादृष्टि से हमें नरक के भय से मुक्ति मिले। इस पर्व को लेकर मान्यता यही है कि इस अवसर पर यमराज का पूजन करने और व्रत रखने से नरक की प्राप्ति नहीं होती। यह पर्व मनाए जाने के संबंध में एक मान्यता नरकासुर नामक अधर्मी राक्षस के वध से भी जुड़ी है। द्वापर युग में नरकासुर के आतंक से देवताओं के अलावा धरती पर भी तमाम सम्राट भी थर-थर कांपते थे। अपनी ताकत के नशे में चूर नरकासुर अपनी शक्तियों का दुरूपयोग करते हुए स्त्रियों पर भी अत्याचार करता था। उसने 16000 मानव, देव एवं गंधर्व कन्याओं को बंदी बना रखा था। उससे मुक्ति दिलाने के लिए तमाम देवों और ऋषि-मुनियों ने योगेश्वर श्रीकृष्ण से अनुरोध किया। उनके अनुरोध को स्वीकार करते हुए श्रीकृष्ण ने सत्यभामा के सहयोग से नरकासुर का संहार कर देवताओं के साथ-साथ समस्त पृथ्वीलोक वासियों को उसके अत्याचारों से मुक्ति दिलाई और उसके बंदीगृह से 16000 कन्याओं को मुक्त कराकर उन्हें यथोचित सम्मान दिया था। नरकासुर से मुक्ति पाने की खुशी में सभी लोकों में खुशियां मनाते हुए यह पर्व मनाया गया। माना जाता है कि तभी से नरक चतुर्दशी पर्व मनाए जाने की परम्परा शुरू हुई।

चैत्र मास की पूर्णिमा को हनुमान जयंती मनाई जाती है और 'नरक चतुर्दशी' वाले दिन भी 'हनुमान जयंती' मनाई जाती है। मान्यता है कि रामभक्त हनुमान का जन्म इसी दिन हुआ था। वामन अवतार में भगवान विष्णु ने राजा बलि से तीन पग भूमि दान में मांगते हुए इसी दिन तीनों लोकों सहित बलि के शरीर को भी अपने तीन पगों में नाप लिया था। धनतेरस, नरक चतुर्दशी तथा दीवाली के दिन दीपक जलाए जाने के संबंध में एक मान्यता यह भी है कि इन दिनों में वामन भगवान ने अपने तीन पगों में सम्पूर्ण पृथ्वी, पाताल लोक, ब्रह्माण्ड व महादानवीर दैत्यराज बलि के शरीर को नाप लिया था और इन तीन पगों की महत्ता के कारण ही लोग यम यातना से मुक्ति पाने के उद्देश्य से तीन दिनों तक दीपक जलाते हैं तथा सुख, समृद्धि एवं ऐश्वर्य की प्राप्ति हेतु मां लक्ष्मी का पूजन करते हैं। यह भी कहा जाता है कि बलि की दानवीरता से प्रभावित होकर भगवान विष्णु ने बाद में पाताल लोक का शासन बलि को ही सौंपते हुए उसे आशीर्वाद दिया था कि उसकी याद में पृथ्वीवासी लगातार तीन दिन तक हर वर्ष उनके लिए दीपदान करेंगे।

नरक चतुर्दशी का संबंध स्वच्छता से भी है। इस दिन लोग अपने घरों का कूड़ा-कचरा बाहर निकालते हैं। इसके अलावा यह भी मान्यता है कि इस दिन प्रातःकाल सूर्योदय से पूर्व तेल एवं उबटन लगाकर स्नान करने से पुण्य मिलता है। नरक चतुर्दशी के दिन सूर्योदय से पहले उठकर स्नान करना शुभ माना गया है और सायंकाल के समय यम के लिए दीपदान किया जाता है। आशय यही है कि संयम-नियम से रहने वालों को मृत्यु से जरा भी भयभीत नहीं होना चाहिए। इस दिन सूर्योदय से पहले स्नान करने का आशय ही आलस्य का त्याग करने से है और इसका सीधा संदेश यही है कि संयम और नियम से रहने से उनका स्वास्थ्य उत्तम रहेगा और उनकी अपनी साधना ही उनकी रक्षा करेगी।

# दीवाली पर यूं सजें-संवरें



श्वेता गोयल
नजफगढ़,
नई दिल्ली

कोई तीज-त्यौहार हो, शादी अथवा पार्टी में जाने की तैयारी हो या फिर शॉपिंग के लिए मार्किट जाना हो, युवतियां या महिलाएं बगैर श्रृंगार किए घर से बाहर एक कदम भी नहीं रखना चाहती। विभिन्न त्यौहारों पर तो महिलाओं के संजने-संवरने का चलन वैसे भी बहुत पुराना है। करवा चौथ पर भारतीय नारी सोलह श्रृंगार करती ही हैं, दीवाली की चमक-दमक और जगमगाती रात में भी महिलाओं के सजने-संवरने का अलग ही मजा है। अधिकांश महिलाएं इस खूबसूरत मौके को अपने हाथ से जाने नहीं देना चाहती।

जहां तक विभिन्न त्यौहारों पर महिलाओं के सजने-संवरने की बात है तो ज्यादातर महिलाएं इसके लिए अपने पति की पसंद-नापसंद का पूरा ख्याल रखती हैं। करवा चौथ और दीवाली जैसे खास अवसरों पर महिलाएं अब अपने साज-श्रृंगार के लिए ब्यूटी पार्लरों की मदद भी लेने लगी हैं। दीवाली के अवसर पर हर साल बाजार में परम्परागत परिधानों के अलावा हल्के व भारी हर तरह के फैशनेबल कलैक्शन पेश किए जाते रहे हैं। सौन्दर्य विशेषज्ञ मानते हैं कि चूंकि दीवाली रोशनी का त्यौहार है, इसलिए इस अवसर पर कपड़ों के चयन में विशेष सावधानी बरतने की जरूरत होती है ताकि जगमगाती रात में नारी का सौन्दर्य खिलकर एक अलग ही समां बांध सके। इसके साथ-साथ बालों का स्टाइल और मेकअप भी पूरी तरह से परिधानों से मेल खाता होना चाहिए। वैसे आजकल महिलाओं पर विभिन्न टीवी सीरियलों की नायिकाओं और खलनायिकाओं के फैशन का जादू भी सिर चढ़कर बोल रहा है और दीवाली के मौके पर भी महिलाओं पर टीवी के इस फैशन का प्रभाव अधिक देखा जाता है।

दीवाली पर महिलाएं किस प्रकार का श्रृंगार करें और अपने पहनावे व मेकअप के मामले में किन-किन बातों को खास महत्व दें, इस बारे में ब्यूटीशियन कहती हैं कि महिलाओं में काफी पहले से ही दीवाली जैसे त्यौहारों पर श्रृंगार करने का क्रेज देखा जाता रहा है, इसलिए अब कई फैशन डिजाइनर इन विशेष अवसरों के लिए न सिर्फ महिलाओं के लिए बल्कि पुरूषों के लिए भी फैशनेबल और व्यक्तित्व को निखारने वाले ऐसे परिधान बनाने लगे हैं, जिनमें उनका व्यक्तित्व पूरी तरह निखरकर सामने आए और वे भीड़ में सबसे अलग दिखें। महिलाओं के लिए खासतौर से डिजाइन की हुई साड़ियां, सूट-दुपट्टा, लहंगा-चोली तथा पुरूषों के लिए शेरवानी, सूट, कोट-पैंट, आकर्षक टाईयां, कमीजें इत्यादि विभिन्न वैरायटी में तैयार किए जाने लगे हैं। सुंदर सी साड़ी में हाथ जोड़कर खड़ी भारतीय नारी की एक अलग तरह की विशिष्ट छवि देखी जाती रही है, इसलिए दीवाली पर महिलाएं कलात्मक जरी बॉर्डर वाली सिल्क साड़ी पहनें तो इसमें वे सबसे ज्यादा खूबसूरत लगती हैं। साड़ी चूंकि हर महिला पर खूब फबती है, भले ही उसकी कैसी भी फिगर क्यों न हो लेकिन इस विशेष अवसर पर साड़ी का चयन करते समय अपने व्यक्तित्व के हिसाब से रंग व डिजाइन पसंद करने की आवश्यकता होती है। इसके अलावा श्रृंगार करते समय ज्वैलरी का चयन भी बहुत मायने रखता है। ज्वैलरी ऐसी पहनें, जो आपकी साड़ी के साथ पूरी तरह मैच करती हो और दीवाली की रोशनी में खूब जगमगाए। इसी से मैच करती हुई चूंड़ियां तथा माथे पर डिजाइनदार बिंदिया लगाकर कोई भी नारी अपने पति का मन मोह लेगी। सलवार और चूड़ीदार कुर्ता भी बहुत सी महिलाओं पर खूब फबता है।

कहीं पार्टी वगैरह में जाना हो या दीवाली पर श्रृंगार करने की बात हो, अक्सर महिलाएं ऐसी वेशभूषा का ही चयन करती हैं, जो पुरूषों को और खासतौर से पति की आंखों को आकर्षक लगे। पहनावे व मेकअप इत्यादि के मामले में हर पुरूष की अलग रूचि होती है, इसलिए विशेष अवसरों पर भी महिला का पहनावा और मेकअप उस पुरूष की पसंद पर ही निर्भर होता है, जिसके लिए वह तैयार होती है। एक ब्यूटी पार्लर की संचालिका कहती हैं कि टी.वी. के कुछ लोकप्रिय धारावाहिकों की महिला पात्रों के फैशन स्टाइल का आज महिलाओं पर इस कदर जादू छाया है कि आधुनिक और ग्लैमरस दिखने की चाह में ज्यादातर महिलाएं अब अपनी ड्रैस, बालों का स्टाइल, बिंदी, लिपस्टिक, मेकअप इत्यादि सभी कुछ इन्हीं की नकल करते हुए अपना रही हैं। सर्वजीत बताती हैं कि उनके ब्यूटी पार्लर में आने वाली ज्यादातर महिलाएं अब दीवाली जैसे खास त्यौहारों के मौके पर भी टीवी सीरियलों जैसे ही मेकअप की मांग करने लगी हैं। ज्यादातर महिलाएं जहां कुछ लोकप्रिय टीवी सितारों जैसी ही बिन्दी तथा ज्वैलरी पहनना पसंद करती हैं, वहीं बालों का स्टाइल, स्पैगिटी ब्लाउज, खूबसूरत सूट-सलवार, चूड़ियां, लिपस्टिक और मेकअप भी वैसा ही पसंद करती हैं।

## आओ एक दिया जलाएं



प्रोफेसर शाम लाल कौशल
रोहतक
हरियाणा

आओ एक दिया जलाएं
जो काम, क्रोध ,लोभ ,मोह
और अहंकार को दूर भगाएं!
आओ एक दीया जलाएं
जो ईर्ष्या, वैर भावना
को मन से दूर भगाएं!
आओ एक दिया जलाएं
जो प्रेम भावना, भाईचारे
को समाज में बढ़ाएं!
आओ एक दिया जलाएं
जो हर एक घर में सुख
शांति और सौहार्द बढ़ाएं!
आओ एक दिया जलाएं
जो गरीबों, कमजोर लोगों
बुजुर्गों के प्रति श्रद्धा बढ़ाएं!
आओ एक दिया जलाएं
जो देश में जात पात, धर्म
भाषा, आदि का भेद मिटाएं!
आओ एक दिया जलाएं
जो अंधविश्वास, संदेह
अविश्वास को दूर भगाएं!
आओ एक दिया जलाएं
आत्मनिर्भरता, आत्मबल
जो ईश्वर पर भरोसा बढ़ाएं!
आओ एक दिया जलाएं
जो संतोष, धैर्य, तृप्ति
आत्म नियंत्रण बढ़ाएं!
आओ एक दिया जलाएं
तन, मन, वातावरण, अंदर
बाहर, सर्वत्र प्रकाश फैलाएं!

# हम विश्वगुरू फिर भी हमें बदनाम कर रही दुनिया

इस साल का भूख का वैश्विक सूचकांक यानी ग्लोबल हंगर इंडेक्स जारी होने के बाद भारत में जो बहस छिड़ी है उसमें सबसे दिलचस्प प्रतिक्रिया भारत सरकार की अपनी है। दुनिया के 120 देशों के इस सूचकांक में भारत 107वें नंबर पर है। पिछले साल यानी 2021 में भारत 101वें स्थान पर था और उससे पहले 2020 में 94वें स्थान पर था। यानी भारत की रैंकिंग में हर साल छह-सात स्थान की गिरावट की एक किस्म की निरंतरता है। इस रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए भारत सरकार के महिला व बाल विकास मंत्रालय ने कहा 'भारत में बारे में गलत सूचना फैलाई जा रही है और यह भारत को बदनाम करने के लिए निरंतर चल रहे अभियान का एक हिस्सा है'। मंत्रालय ने यह भी कहा कि ये जो रैंकिंग बनाई गई है वह चार मानकों पर आधारित है, जिसमें तीन मानक बच्चों से जुड़े हैं और एक मानक महज तीन हजार लोगों की राय पर आधारित है। बच्चों वाले मानकों पर ज्यादा ध्यान दिए जाने को खारिज करते हुए महिला व बाल विकास मंत्रालय ने कहा कि सरकार 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज उपलब्ध करा रही है।

महिला व बाल विकास मंत्रालय की प्रतिक्रिया दो मायने में बहुत दिलचस्प है। भूख की रैंकिंग में भारत के लगातार नीचे गिरते जाने पर विचार से पहले इसका जिक्र जरूरी है कि मंत्रालय की प्रतिक्रिया क्यों दिलचस्प है। पहली बात, जो मंत्रालय ने कही है वह ये है कि दुनिया भर में भारत को बदनाम करने का अभियान चल रहा है। यह स्पष्ट रूप से भारत सरकार के विज्ञापनों, प्रचार और प्रधानमंत्री सहित तमाम बड़े मंत्रियों के बयानों का खंडन है। खुद नरेंद्र मोदी ने कितनी बार कहा है कि उनके प्रधानमंत्री बनने के बाद दुनिया में भारत का मान बढ़ा है, दुनिया भारत की बात ध्यान से सुनती है और भारत की बात मानती है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि दुनिया का कोई भी बड़ा फैसला अब प्रधानमंत्री मोदी की राय के बिना नहीं होता है। पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने यूक्रेन से भारतीयों को सुरक्षित निकलवाने के लिए रूस-यूक्रेन युद्ध रूकवा दिया था। सोचें, जिस देश का प्रधानमंत्री इतना ताकतवर हो, जिसके हिसाब से दुनिया चलती हो उस देश को बदनाम करने का अभियान भला कौन चला सकता है? दोनों में से कोई एक ही बात हो सकती है या तो भारत को बदनाम किया जा रहा है या भारत का सम्मान दुनिया भर में बढ़ा है! दूसरी दिलचस्प बात यह है कि मंत्रालय ने कहा कि जिन चार पैमानों पर रैंकिंग तैयार की गई है उनमें एक पैमाना तीन हजार लोगों के बीच हुआ सैंपल सर्वे है। इतने बड़े देश में इतने कम लोगों को सैंपल सर्वे के आधार पर कोई भी निष्कर्ष कैसे निकाला जा सकता है? सवाल तो बड़ा जायज दिख रहा है। लेकिन क्या हर साल जब यह ग्लोबल रैंकिंग आती है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैं और उनको 70 फीसदी लोगों का एप्रूवल है तो किसी भाजपा नेता की ओर से इस पर सवाल उठाते देखा है किसी ने? प्रधानमंत्री मोदी को दुनिया का सबसे लोकप्रिय नेता घोषित करने वाली संस्था का नाम 'मॉर्निंग कंसल्ट' है और उसके सर्वे का साइज 2,126 लोगों का है। सभी देशों के मुकाबले सबसे छोटा सैंपल साइज भारत का होता है। भारत के 10 हजार साक्षर लोगों में से दो की राय पर आधारित होता है मोदी के सबसे लोकप्रिय नेता होना की घोषणा। लेकिन इसे दिल खोल कर स्वीकार किया जाता है और भाजपा के बड़े नेता आदि इसे ट्विट करके दुनिया को बताते हैं। सोचें, अमेरिका की एक नामालूम सी संस्था दो हजार लोगों की राय पूछ कर एक रैंकिंग बनाती है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दुनिया का सबसे लोकप्रिय नेता बताया जाता है तो उसे सहज भाव से स्वीकार किया जाता है। इसी तरह विश्व बैंक की ओर से बनाई गई कारोबार सुगमता रैंकिंग में भारत का स्थान सुधरा तो प्रधानमंत्री सहित सारे मंत्रियों ने इसका डंका बजाया।

**-अजीत द्विवेदी-**

## मैं कहां हूं?



राजेन्द्र लाहिरी
पामगढ़
छत्तीसगढ़

सदियों से लेकर आज तक
तुम्हारी व्यवस्था में
बताओ मैं कहां हूं?
सिसकते,दम तोड़ते,मायाजाल काटकर
आज मैं यहां तक पहुंचा हूं,
तुमने तो हमें पैदा ही पैरों से करवाया,
हमें नीच, अधम, शुद्र बताया,
व्यवस्था की कठोर लकीर खींच
पग पग हमें तड़पाया,
हांडी झाडू बांध हमारे तन से
छाया,पदचिह्न तक को अपवित्र बताया,
हम तब भी समझते थे और
आज भी समझ रहे हैं कि
तुमने हमें तन मन धन से तड़पाया,
वो तो शुक्र है हमारे महापुरुषों का,
जिन्होंने अलग अलग समय से
हमें समझाते, जगाते आया,
फिरंगियों के नेक पहल से
हमने आंखें खोल देने वाला शिक्षा पाया,
संविधान बनाया,हक़ अधिकार पाया,
मगर फिर भी अपनी कुटिल चालों से
हमें धर्म में उलझा
हर शसक्त संस्थाओं पर कब्जा जमाया,
अब राग अलाप रहे हो कि
देश में सब कुछ ठीक है,
कहते हर काम विधान नीत है
तो बताओ आज हम कहां हैं?
सत्ता में दरी बिछा रहे,
मंदिरों में घंटा बजा रहे,
जहमत उठा कुछ थोड़े
असरदार क्या हो गए
हमारे पीछे अपनी पूरी तंत्र लगा रहे,
इंसाफ घरों में हम फरियादी,
और आप अपनी जातिनुसार
रोज नये फैसले सुना रहे,
मंत्री, मुख्यमंत्री ,
प्रधानमंत्री,न्यायदाता,
कलेक्टर, सचिव स्तर के
सारे पद पर कब्जा जमाए बैठे हो,
चुनाव आयोग, इ डी, सीबीआई,
सेना के उच्च पद तुम्हारे है,
तो बताओ
हम इस व्यवस्था में आज कहां हैं?
मुझे पता है तुम्हारा जवाब भी
कुटिल चालों से भरा ही रहेगा।

## रौशन करें चराग



पुष्पा स्वाती
मुम्बई

रौशन करें चराग़ आज मुफ़लिस के घर में
उम्मीदों के गुल ख़िल जाएं उनके भी दर में
कुछ हम ऐसा करें दीवाली उनकी सज जाए
लगे चमकने तारे टिम टिम उनकी नज़र में
रंग बिरंगी फुलझड़ी कुछ आतिशबाजी हो
खुशिया मिलके फैलाएं हम उनके बसर में
नूर ख़िले उनके भी रुख़ पे आराईश ऐसा हो
यूं पूजा हो उठें दुआएं कल्बो जिगर में
बांह फैले भरोषे की नेह ले आये यकीं
खुशियों के कारवां भी आने लगे डगर में

## अवध में राम पधारे



प्रियंका
अग्निहोत्री गीत
वाराणसी उत्तरप्रदेश

अवध में राम पधारे तो हुई जगमग गलियाँ
खिले जो पुष्प चरण रज पा हर्षाई कलियाँ
चौदह बरसों का वन गमन पूरन कर लौटे
सब तिथि बीतीं अमावस सम जान सखी
बस यही अमावस लागे जैसे पूर्णिमा
अवध में राम पधारे तो हुई जगमग गलियाँ
मात-पिता का वचन निभाया एक क्षण में
भ्रात भरत को राजसिंहासन त्वरित सौंप
सब सम्बन्धों की राखी पूरी मर्यादा
अवध में राम पधारे तो हुई जगमग गलियाँ
पाप बढ़े धरती व्याकुल फिरें देव अघाये
जन्म लिए मनुज तन में हरने सब पीड़ा
सबरी अहिल्या रावण कुल तारनहार
अवध में राम पधारे तो हुई जगमग गलियाँ

## दीपशिखा



ओमप्रकाश बिन्जवे ÷ राजसागर
भोपाल,मध्यप्रदेश

भोर तक उजालों के उपहार बांटती रही
पागल पवन से न घबराई दीपशिखा।
रुठे मन का अवसाद न जाने कहां खो गया
मेंहदी रचे हाथों ने जब जलाई दीपशिखा।
मन में नन्ही नन्हीं उमंगों के गीत लिये
चुपके चुपके गुनगुनाई दीपशिखा।
ध्वनी प्रदूषण से कुछ सहमी मगर
फुलझड़ी के साथ झिलमिलाई दीपशिखा।
आंगन आगन सब सजाते हैं दीपशिखा
किसने मन में जलाई दीपशिखा।
सांझ ढले प्रकाश प्रियतम की याद आई
छत के कंगूरों पे जगमगाई दीपशिखा।

# हमर गाँव-देहात मा गोबरधन पूजा



प्रिया देवांगन प्रियू
राजिम गरियाबंद
छत्तीसगढ़

हमर छत्तीसगढ़ मा किसम-किसम के तिहार मनाये जाथे; जेमा सब ले बड़का तिहार हवै दीपावली, जेला देवारी तिहार घलो कथे। ये तिहार हर सरलग पाँच दिन तक चलथे। धनतेरस, नरक चौदस, सिरहुती, गोवर्धन पूजा, भाईदूज। गँवई-गाँव मा चऊँथा दिन गोवर्धन पूजा दिन के बड़ विशेष महत्व होथै।

गोवर्धन के आशय ÷

गोवर्धन हर दो शब्द ले मिलके बने हे। गो अउ वर्धन; यानी गो माने पशु धन में वर्धन; पशुधन के बढ़ोतरी। गोवर्धन शब्द के अपभ्रंश आय- गोबरधन। येला राऊत मन के तिहार कहे जाथे। ये दिन बिहनिया होते साठ सब ले पहिली जेखर-जेखर घर मा गाय-गरुवा रहिथे तेन मनखे मन हर अपन-अपन गाय-गरुवा मन ला रगड़-रगड़ के नउहाथें। तुरते बाद गाय मन के पूजा-पाठ गुलाल-चंदन लगाथें।

खिचरी खवाये के महत्व ÷

घर-घर मा ये दिन खिचरी बनाये जाथे। पाँच रकम के साग- कोचई-कांदा, कुम्हड़ा, भिंडी,आलू अउ दार चाँउर मिला के खिचरी तैयार करे जाथे। बरा-सोहाँरी घलो मिलाय जाथे। भगवान श्री कृष्ण ला घलो भोग लगाथे। घर मा सियान मन हर अपन घर के गरुवा मन के पूजा-पाठ करथें अउ ओला खिचरी खवाथें। एक-एक कर के जम्मों मनखे मन खिचरी खवाथें। जेकर घर राऊत मन सोहई बाँधे बर जाय रथै , तिंखर घर मा दोहा पारत खिचरी खवाथें।

÷ अरे...रे...रे...!
खिचरी खाय कोदइया के,
माखन देई अघाई।
तोर भदऊँवा झेलँव रे धँवरी,
पारँव रे रामदोहाई।।

अउ ताहन जम्मों मनखे मन प्रसाद के रूप मा थोरिक खाथैं। आजकल गाय-गरुवा नइ राखय त मनखे मन अपने खा लेथे, फेर खिचरी जरूर बनथे।




आसीस देवई ÷

बिहनिया गाँव-गाँव मा रउताइन आथे। ओहर घर के तुलसी चउरा अउ माईकोठी दे थे। चुकिया मा माहुर ला घोर के भगवान के आकार बनाथे तेला आसिस देना कहिथे। ओखर बाद राउतईन ला पसर भर धान, रुपिया-पइसा अउ कोनों-कोनों घर चाँउर घलो दे देथे। शहर मा ये सब जिनिस हर नंदागे त आज कल के लइका मन नइ जानय। घर मा आसिस के बड़ महत्व रहिथे। गाँव-गाँव म राउतइन मन के आना कमती होवत जात हे।

सोहई बंधई ÷

ये दिन राऊत मन हर घर-घर जा के गरुवा मन ला सोहई बाँधथे, अउ दोहा पारथें। बड़ मजा आथे।
ऐ...अरे...रे...रे..!
तोला बारो महीना चरायेंव धँवरी,
तोर संग भटकेंव खारे-खार।
अइसे असीस दे मोर ठाकुर ला,
जेमा तोरो होवय उद्धार।।

राऊत मन हर पूरा अपन ग्रुप के संग गड़वा बाजा धर के आथें। अउ जोर-जोर से दोहा बोलथे अउ नाचथे। राऊत के मुखिया हर अपन लउठी जेन ला- (देवता लउठी) कहे जाथे उही मा नरियर ला एक लउठी देथे अउ नरियर फूट जाथे। अउ संगे-संग गोबर मा धान ला सान के माई कोठी मा छाबथे। तब अइसना दोहा पारे जाथै-
जइसे के मालिक लिये दिये,
तइसे देयेन असीस।
रंगमहल मा बइठो मालिक,
जियो लाख बीस।
धन दोगानी भुइयाँ पावौ,
पावव हमर असीस,
नाती-पूत ले तोर घर भरै,
जियो लाख बरीस।

राऊत मन के नाचे के बाद ओखर मन के बिदा घलो करथे अउ नवासूपा मा धान, पइसा, कपड़ा दे जाथे, जेला ÷सुखधना÷ कहे जाथे।

गोवर्धन पूजा के महत्व -

पौराणिक कथा मुताबिक ये दिन भगवान श्री कृष्ण हर अपन छीनी अँगरी ले गोवर्धन पर्वत ला उठाके समस्त गोकुल वासी के देवराज इंद्र ले। तभे तो आज ये दिन गाय के कोठा मा घर के सियान हर गोबर से गोवर्धन पर्वत बनाथे । चारों मूड़ा धान खोंचे जाथे। बीच मा करसा भर पानी रखथे। येखर ऊपर मलवा भर धान राखे जाथे। मलवा मा दीया जलाये जाथे। कोठा के आगू मा नान-नान सिलियारी, मेमरी अउ तुलसा घलो खोंचथे। राऊत मन हर दोहा पारत रहिथे अउ सियान मन हर पूजा -पाठ करथें। संझाकुन गाँव भर सकलाके साँहड़ा ठऊपर मां गोवर्धन पूजा करथें अउ एकठिन नान्हें धँवरी बछिया ले गोवर्धन खुँदवाथें। इही बेरा के दोहा होथै।
पूजा करै पुजेरी संगी,
धोवा चाउँर चढ़ाई।
पूजा होवत हे मोर गोवर्धन के,
सेत धजा फहराई।।÷

आज कल गाँव मन मा गाय पालना कमती होगे हे । त राऊत मन अब नइ दिखे। जम्मो झन खाय-कमाये ला चल देते। गाँव में मा ये रीति-रिवाज हर नंदावत जात हे। हमर आने वाला पीढ़ी के मन हर कुछू नइ जानही, तइसे लागथे। हमन ला जरूरत हे कि ये तिहार के नियम ला बनाये रखना हे अउ आने वाला पीढ़ी ला येखर महत्व के बारे मा समझाना हे।
जय जोहार

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# प्रकाश का त्यौहार दिवाली आज,फूटेंगे लाखों के पटाखे

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,23 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।

. दीपावली का त्योहार सोमवार को जिले भर में धूमधाम से मनाया जाएगा। लोगों ने त्योहार की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। बाजारों में दीवाली के त्योहार पर रौनक देखते ही बन रही है। हर तरफ रंग बिरंगी लडिय़ां टंगी हुई हैं। वही इलेक्ट्रोनिक्स के आइटमों की धूम है। इस बार बाजरों में चायनीज लडिय़ों व इलेक्ट्रोनिक आइटमों को प्राथमिकता कम दी जा रही है। पिछली दीपावली के समय के बचे हुए आइटम ही बाजार में कहीं कहीं दिखाई दे रहे हैं। लेकिन नए इलेक्ट्रोनिक आइटम बाजार में दिखाई कम दे रहे हैं। चाइनीज सामान के विरोध के चलते व्यापारी भी स्वदेशी सामान लेकर आए हैं। वहीं रविवार को को दिवाली के साथ-साथ धनतेरस की खरीददारी लोगों ने की। त्योहार की तैयारी को लेकर बाजार में चहल-पहल रही। रंग-बिरंगे बिजली के बल्बों से लेकर अन्य सजावटी सामानों की खरीदारी जोरों पर की गई। इसके अलावा अपने घरों को जगमग करने के लिए मिट्टी के दीये भी लोगों ने खरीदे। लोगों ने दीपावली के शुभ अवसर पर पूजा करने के लिए भगवान गणेश व मां लक्ष्मी की मूर्तियां भी खरीदीं।



गौरतलब है कि दीपावली त्योहार सोमवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। इसे लेकर बाजारों में धनतेरस के दूसरे दिन भी बाजार में उत्साह देखा गया। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के लोग खरीददारी की। लोगों ने मां लक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए अपने-अपने घरों को आकर्षक ढंग से सजाया है। घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों की साफ-सफाई पिछले 15 दिनों से चल रही थी, ताकि लोग दीपावली के शुभ अवसर पर पूजा अर्चना कर सकें। दीपावली के एक दिन पूर्व लोग बाजार में मिट्टी के दीये, बत्ती, घरों के सजावट के सामान, पूजन सामग्री खरीदते नजर आए। खरीददारी का सिलसिला सोमवार की शाम तक चलेगा। शाम को शुभ मुहूर्त में लोग भगवान गणेश व मां लक्ष्मी की पूजा कर सुख-समृद्धि की कामना करेंगे। दिवाली के लिए इस बार एक सप्ताह पूर्व से ही बाजार सजावटी सामान की खरीदारी के लिए सज चुके हैं। इस बार चीन निर्मित माल काफी कम है और महंगा होने के बावजूद स्वदेशी प्रोडक्ट की मांग है। सजावटी सामान के कारोबारियों का कहना है कि लोगों में राष्ट्रवाद की भावना जागृत होने के चलते इस बार चाइनीज सामान बाजार से लगभग पूरी तरह नदारद है। सजावटी सामान में केवल मेक इन इंडिया प्रोडक्ट की उपलब्धता है और महंगा होने के बावजूद लोग भी स्वदेशी की ही मांग कर रहे हैं।

### मिट्टी के दीयों की जमकर हुई खरीददारी

दीपावली पर्व पर मिट्टी के दीपक का विशेष महत्व होता है। लोग कितने भी आकर्षक तरीके से लाइटिंग से अपने घरों को जगमग कर लें पर मिट्टी के दीपक घरों में नहीं जले तो दीपावली का पर्व अधूरा रह जाता है, इसलिए मिट्टी के दीपक की खरीददारी पिछले चार दिनों से की जा रही है। रविवार को लोगों ने बाजार में मिट्टी के दीयों की जमकर खरीदारी की, इससे कुम्हारों के चेहरे पर मुस्कान नजर आई। दीपावली के शुभ अवसर पर जोरदार आतिशबाजी की जाती है। इसे लेकर शहर के पीजी कॉलेज में लगभग 200 से ज्यादा पटाखें दुकानें लगाई गईं हैं। सोमवार को दिवाली के अवसर पर करोड़ों के पटाखे फूटेंगे। पटाखा व्यवसायी पिछले तीन चार दिनों से अपनी दुकानें सजाने में लगे हुए हैं। महंगाई की मार पटाखों पर भी पड़ी है। वहीं शासन द्वारा प्रदेश में पटाखे फोडऩे के लिए रात 8 से 10 बजे तक समय निर्धारित किया गया है। दीपावली उमंग व उत्साह का त्योहार है। इस अवसर पर लोग एक दूसरे को गिफ्ट देते हैं। दिवाली के अवसर पर मिठाई का महत्व है। लोग आकर्षक पैकिंग कराकर मिठाई, ड्राई फ्रूट्स, फल व अन्य सामान अपने शुभ चिंतकों, मित्रों को भेंज रहे हैं। इस लिए शहर के होटलों में भी दिवाली को लेकर विशेष तैयारी की गई है।



## श्रमदान कर लोगों ने तैयार किया छाठ घाट

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,23 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।

श्री राम घाट छठ पूजा सेवा समिति द्वारा ग्राम पंचायत उदयपुर ढ़ाब-मेंड्राकला में घुनघुट्टा नदी तट को छठ पूजा के लिए तैयार किया जा रहा है। अंबिकापुर तथा आसपास में नदियों एवं तालाबों में छठ पूजा में भारी भीड़ देखने को मिलती है। श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए समिति ने नए स्थान को छठ घाट के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है। छठ घाट निर्माण के लिए लोगों ने श्रमनदान किया। इस दौरान विश्व विजय सिंह तोमर, दिनेश मिश्रा, अनिरुद्ध मिश्रा, सर्वेश तिवारी, शरद सिन्हा, निशांत सिंह, गोल्डी, विकास शुक्ला, चंदन, दीपक यादव, बबलू साहू, दिगंबर यादव, महेश्वर राजवाड़े, हर्षवर्धन पांडेय, उदय दास बघेल, केवल यादव, अगस्त राजवाड़े, भानू यादव, ओम प्रकाश दुबे, संजय दास, मनीष दुबे, बंटी बारी, हिमांशु सेंगर, प्रिंस चौबे, सूरज दास, कमलेश, छबि लाल राजवाड़े, रितेश यादव, मुन्ना गुप्ता, रोहित मींज, विनय ठाकुर, बबलू यादव, सागर यादव, प्रियांशु कुशवाहा, रोहन श्रीवास्तव, अर्पित यादव, शौर्य सिन्हा, विकास दास, राजेश रजवाड़े आदि उपस्थित थे।

## खड़े ट्रक से टकराई बाइक,युवक की मौत

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,23 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।

.. सड़क किनारे खड़े ट्रक के पीछे बाइक सवार जाकर टकरा गया। दुर्घटना में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलज अस्पताल लाया गया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार अनिल यादव पिता जगनारायण उम्र 29 वर्ष बतौली थाना क्षेत्र के ग्राम खड़दोहा का रहने वाला था। वह 22 अक्टूबर को आराकुंदी से बाइक से अपने साथी लालमाटी निवासी पिन्टू के साथ वापस घर लौट रहा था। रास्ते में लालमाटी में पिन्टू को उसके घर छोड़कर वापस अपना घर के लिए निकला। लालमाटी में ही सड़क किनारे ट्रक क्रमांक सीजी 15 एसी 3017 खड़ा था। पीछे से बाइक सवार अनिल जाकर टकरा गया। दुर्घटना में वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में भर्ती करवाया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## मधुमक्खियों के हमले में किशोर की मौत,दूसरा गंभीर

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,23 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।.

जंगल से मवेशी चरा कर घर लौट रहे दो किशोरों पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। इससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। दोनों को इलाज के लिए कमलेश्वरपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां स्थिति को गंभीर देखते हुए दोनों किशोरों को चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरन एक की मौत हो गई। जबकि दूसरे का इलाज जारी है।

जानकारी के अनुसार संतोष बरवा पिता दिलीप बरवा उम्र 16 वर्ष कमलेश्वरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम असगंवा का रहने वाला था। वह शुक्रवार का गांव के ही मुकेश व पिन्टू के साथ मवेशी चराने जंगल गया था। शाम को तीनों वापस लौट रहे थे। रास्ते में मधुमक्खियों ने अचानक हमला कर दिया। इससे संतोष व मुकेश मधुमक्खियों की चपेट में आ गए। जबकि पिन्टू मौका पा कर भाग गया था। किसी तरह दोनों अपने-अपने घर पहुंचे और परिजन दोनों को इलाज के लिए कमलेश्वरपुर अस्पताल में भर्ती करवाया। यहां चिकित्सकों ने दोनों की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान संतोष की मौत हो गई। जबकि मुकेश का इलाज जारी है।

## गोवर्धन पूजा के दिन मनेगा गोठान दिवस

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,23 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।.

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की घोषणा के परिपालन में पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी दीपावली के पश्चात गोवर्धन पूजा के दिन गोठानों में गोठान दिवस मनाया जाएगा। कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार ने राज्य शासन द्वारा जारी परिपत्र के अनुसार जिले के सभी गोठानों में गोठान दिवस मनाने के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियां-कर्मचारियों को दिए हैं।

राज्य शासन द्वारा जारी परिपत्र में कहा गया है कि गोवर्धन पूजा के दिन गोठानों में कार्यक्रम आयोजित कर परम्परागत पूजा अर्चना के अलावा नवीन गोठान चयनित तथा स्वीकृत हो तो उनका भूमि पूजन कराया जाए। गोठान दिवस पर गोठानों में संगोष्ठी आयोजित कर ग्रामीणों एवं चरवाहों को गोठान प्रबंधन, पशु स्वास्थ्य रक्षा, पशु नस्ल सुधार, हरा चारा उत्पादन, वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन एवं गौठानों को स्वावलंबी बनाये जाने के संबंध में चर्चा की जायें। गौठान में शिविर आयोजित कर पशुओं को कृमिनाशक दवापान तथा डी-टीकिंग करायी जाए। गौठान सेवा समिति के सदस्यों के साथ गौठान में कार्य सम्पादित करने वाले महिला स्व-सहायता समूहों की सहभागिता गौठान दिवस के कार्यक्रम में सुनिश्चित की जाए।

## होली क्रॉस वीमेंस कॉलेज में मनाया गया दीपोत्सव,गरबा नृत्य की शानदार प्रस्तुति



-संवाददाता-
अम्बिकापुर,23 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।.

होली क्रॉस वीमेंस कॉलेज में यूएसएम एवं सांस्कृतिक इकाई के संयुक्त तत्वावधान में दीपोत्सव का त्यौहार दीपावली उल्लास एवं उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सिस्टर शांता जोसेफ की अध्यक्षता में दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। प्राचार्य डॉ. सिस्टर शांता जोसेफ ने दीपावली की शुभकामनाएं दीं एवं अपने संदेश में कहा कि हम सर्व धर्म समभाव का संदेश प्रसारित करते हैं। हमारे महाविद्यालय में हर धर्म के त्यौहार पूरे उत्साह के साथ मनाए जाते हैं। दीपावली प्रकाश का त्यौहार है। हमें अपने अंतर के असत्य रूपी अंधकार को दूर कर सत्य रूपी प्रकाश से प्रकाशित होने का संकल्प लेना है। तभी हम अच्छे इंसान बनेंगे और सुंदर भारत के निर्माण में सहयोग दे पाएंगे। जिस तरह दिया स्वयं जलकर दूसरों को रोशन करता है उसी तरह हमे भी स्वार्थ छोड़ त्याग की भावना से कार्य करना होगा।

### कार्यक्रम की अगली कड़ी में गरबा नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

गरबा प्रतियोगिता में प्रथम ,बीएससी अंतिम ग्रुप, द्वितीय बीएससी द्वितीय बॉटनी ग्रुप, तृतीय बीएससी प्रथम, द्वितीय-तृतीय सूक्ष्म जीव विज्ञान ग्रुप एवं तृतीय बीए प्रथम द्वितीय एवं तृतीय ग्रुप रहा। दीया जलाओ प्रतियोगिता में प्रथम ऐश्वर्या गुप्ता एवं कोमल महंत, द्वितीय पूर्णिमा एवं तृतीय अनुजा कुजूर रहीं। गृह विज्ञान क्लब द्वारा रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम मानसी सिंह , द्वितीय वैशाली द्विवेदी एवं तृतीय कृतिका विश्वकर्मा रहीं। कार्यक्रम का संयोजन एक्टिविटी डीन डॉ. कल्पना गुहा एवं यूएसएम प्रभारी अंजू प्रिया सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी ने किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन सुजाता टोप्पो बी एससी अंतिम, प्रेरणा बड़ा बीएससी अंतिम एवं प्रज्ञा सिंह बीएससी द्वितीय वर्ष ने किया। मंच सज्जा गृहविज्ञान विभाग की सहायक प्राध्यापक नेहा विश्वकर्मा एवं गमिता एवं छात्राओं ने किया।

## ग्राम पंचायत ठाकुरपुर में प्रीमियर लीग टूर्नामेंट शुरू



-संवाददाता-
अम्बिकापुर,23 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।

. ग्राम पंचायत ठाकुरपुर में प्रीमियर लीग टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि अंबिकापुर नगर निगम के महापौर डॉ. अजय तिर्की, प्रदेश सचिव कांग्रेस छत्तीसगढ़ के शैलेन्द्र प्रताप सिंह थे। इस दौरान अतिथियों ने खिलाडिय़ों से परिचय प्राप्त किया और टॉस करा कर मैच का शुभारंभ कराया गया। बकना की टीम ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी व दूसरी टीम आमगांव की थी। टूर्नामेंट के सदस्य ने बताया कि ठाकुरपुर प्रीमियर लीग टूर्नामेंट हर वर्ष कराया जा रहा है। यह टूर्नामेंट 12 ओवर का है और करीब 35 टीम भाग लिए हैं। शुभारंभ अवसर पर कमल कांत सेन सचिव जिला कांग्रेस कमेटी सरगुजा, सरपंच ठाकुरपुर हीरा सिंह, उपसरपंच विगन राम, मारूति प्रताप सिंह व अल्फा ओमेगा स्कूल के प्रिंसिपल एलियाजर कुमार, संतोष भगत, विकास यादव, अभिषेक किस्पोट्टा, मनीष कुजूर, एवं समस्त कमेटी ठाकुरपुर प्रीमियर लीग व ग्राम पंचायत के ग्रामीण उपस्थित थे।

## जोन स्तरीय प्रतिस्पर्धा के विजेता सम्मानित किए गए



-संवाददाता-
अम्बिकापुर,23 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।.

छत्तीसगढ शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री अमरजीत भगत ने रविवार को बड़ादमाली में छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक के जोन स्तरीय प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल हुए। उन्होंने इस अवसर पर विभिन्न खेल विधाओं के विजेता खिलाड़ियों को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया। इसके साथ ही हितग्राहियों को राशन कार्ड व चेक का भी वितरण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री भगत ने कहा कि छत्तीगढ़िया ओलम्पिक गांव -गांव में खेले जाने वाले पुरातन खेलों को नवजीवन देने का काम कर रहा है। लोगों को पारंपरिक खेलो में भाग लेने का मंच दे रहा है। छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक के जरिये खिलाड़ियों को राज्य स्तर पर भाग लेने का मौका मिलेगा। हमारी सरकार सभी वर्गों के लिए अनेक योजनाएं लागू की है ताकि सभी योजनाओं से लाभान्वित हो। आगामी 1 नवम्बर से राजधानी रायपुर में राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का आयोजन किया जाएगा जिसमें देश के अनेक प्रान्त के आदिवासी अपनी लोक कला का प्रदर्शन करेंगे।

बताया गया कि जोन स्तरीय स्पर्धा में बड़ादमाली पंचायत सहित 8 ग्राम पंचायतों के प्रतिभागी शामिल थे जो राजीव युवा मितान क्लब स्तर पर विजयी हुए थे। जोन स्तर के बाद विकासखण्ड स्तर पर छत्तीसगढ़िया ओलाम्पिक का आयोजन होगा।

इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, सरपंच, राजीव युवा मितान क्लब के सदस्य, प्रतिभागी खिलाड़ी व खेल प्रेमी उपस्थित थे ।



## कलेक्टर ने नगर भ्रमण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**» पटाखा दुकानों में अग्निशमन सहित प्रवेश व निर्गत द्वार की सुचारु व्यवस्था के निर्देश**

**» समूह की महिलाओं से खरीदे गोबर के दीये,मातृ छाया के बच्चों संग बांटी खुशियां**

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,23 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।.

कलेक्टर श्री कुंदन कुमार दीपावली त्योहार के मद्देनजर रविवार को शहर के विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने पीजी कॉलेज मैदान में पटाखा दुकानों का निरीक्षण करते हुए अग्निशमन सहित प्रवेश व निर्गत द्वार की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने पटाखा दुकानों में आपातकालीन सुरक्षा उपकरण के संबंध में जानकारी प्राप्त की। दुकानदारों से अग्निशामक यंत्र के परिचालन के संबंध में पूछताछ की। उन्होंने दुकानों के निकलने वाले प्लास्टिक वेस्ट को संबंधित दुकानदारों के द्वारा साफ-सफाई करने के निर्देश दिए। मैदान में कोई भी सिगरेट या अन्य जलाऊ समान का उपयोग नहीं करने के निर्देश दिए। /

कलेक्टर ने घड़ी चौक में बिहान की दीदियों के द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन कर गोबर के दीये खरीदे। उन्होंने दीदियों से दीए के संबंध में पूछताछ की। बिहान की दीदियों ने बताया कि उन लोगों ने लगभग 9000 गोबर के दीये की बिक्री की है। गोबर के दिये इकोफ्रेंडली हैं। इसके पश्चात अन्य दुकान से उन्होंने झालर जैसे अन्य सजावटी सामान भी खरीदे।

कलेक्टर ने मातृछाया तथा नारी निकेतन का भी अवलोकन किया। उन्होंने मातृछाया के छोटे-छोटे बच्चों के साथ खुशियां बांटी। बच्चों और बड़ों को उन्होंने मिठाई और पटाखे वितरित किये। कलेक्टर ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दी।

कलेक्टर ने देवीगंज रोड के पास संचालित सी-मार्ट का अवलोकन किया। उन्होंने भवन को उच्च गुणवत्तापूर्ण बनाने एंट्री और एग्जिट गेट पर सेंसर लगाने के निर्देश दिए। काउंटर में बार कोड रीडर और एंटी थेफ्ट मशीन की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। बिलिंग काउंटर पर अच्छी व्यवस्था करने के तथा शासन के गाइडलाइन के अनुसार सी-मार्ट में फ्लेक्स लगाने के निर्देश दिए।

इस दौरान निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगई, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विवेक शुक्ला, सीएसपी श्री राजनाला, एसडीएम श्री प्रदीप साहू सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### 3 कर्मचारियों पर गिरी गाज, मृत गाय को ट्रैक्टर से बांधकर घसीटा



**बालोद।** जिले में मानवता को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। नगर पंचायत अर्जुन्दा के कर्मचारियों ने मृत गाय को ट्रैक्टर के पीछे बांध कर घसीटते हुए ले जाने का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इस मामले की जानकारी लगते ही कलेक्टर ने सीएमओ अर्जुन्दा नगर पंचायत को कारन बताओ नोटिस जारी किया है। ट्रैक्टर में घसीटते हुए ले जाने वाले तीनो प्लेसमेंट कर्मचारियों को तत्काल हटाया गया है। यह घटना अर्जुन्दा नगर की है।

वहीं बालोद में फिर एक बार दंतैल हाथी ने दस्तक दी। दीपावली पर एक दंतैल हाथी की एंट्री हुई है। दंतैल हाथी ने गुरुर वन परिक्षेत्र के मुजालगोंदी और जंगली, परिसर एरिया में धान की खड़ी फसलों को पैरों से रौंदा दिया। केला और गन्ने की फसलों को भी हाथी ने क्षति पहुचाई। इसको देखते हुए आसपास के दर्जनो गांव अलर्ट पर और ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। वहीं दीपावली त्यौहार के चलते वन अधिकारी छुट्टी पर है। वहीं चौकीदार निगरानी रख रहे है।

### पूर्व विवाद को लेकर दो पक्ष भिड़े

**रायपुर, 23 अक्टूबर 2022।** ग्राम खंडवा में पूर्व विवाद के चलते दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर राखी पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले पक्ष से ग्राम खंडवा निवासी उत्तरा बंजारे 40 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी लता बांधे व अन्य 2 लोगों ने पूर्व विवाद को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। वहीं दूसरे पक्ष से प्रार्थिया लता बांधे 40 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी उत्तरा बंजारे व अन्य ने पूर्व विवाद के चलते प्रार्थिया से गाली-गलौज कर मारपीट किया। दोनों पक्षों की शिकायत पर राखी पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# चिप्स में ईडी को मिला 100 करोड़ रुपयों के अवैध लेन-देन का दस्तावेज, समीर विश्नोई के बैंक खाते में भी बड़ी रकम का सोर्स खंगाल रही ईडी

**रायपुर, 23 अक्टूबर 2022।** प्रवर्तन निदेशालय- ईडी की जांच में छत्तीसगढ़ इंफोटेक प्रमोशन सोसाइटी- चिप्स में भी एक नया घोटाला फूट सकता है। प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने इस सप्ताह कई बार चिप्स के दफ्तर में तलाशी ली है। वहां 100 करोड़ रुपयों से अधिक की अवैध लेन-देन के दस्तावेज मिले हैं। ऐसे चेक मिले हैं, जिस पर तत्कालीन सीईओ समीर विश्नोई के हस्ताक्षर हैं, लेकिन उनको जारी करने के लिए किसी प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया है।

ईडी की ओर से आईएएस समीर विश्नोई की रिमांड अवधि बढ़ाने के लिए अदालत में जो आवेदन दिया गया था, उसमें इस घोटाले का संकेत हैं। ईडी की ओर से अदालत को बताया गया है कि 18 अक्टूबर को चिप्स मुख्यालय में तलाशी के दौरान जो दस्तावेज मिले हैं, उनमें चेक जारी होने से पहले कोई अप्रूवल नहीं लिया गया है, उनको रजिस्टर में भी दर्ज नहीं किया गया है। ऐसा क्यों हुआ है इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है।

बताया जा रहा है कि समीर विश्नोई के एचडीएफसी बैंक के खाते में बहुत बड़ी रकम जमा है। बार-बार पूछने पर भी समीर उस रकम का स्रोत नहीं बता रहे हैं। बताया जा रहा है कि पूछताछ के बाद ईडी किसी बड़े घोटाले का खुलासा कर सकती है।

### कोयला कारोबारी को भेजे जाते थे दस्तावेज

ईडी की ओर से बताया गया है कि समीर विश्नोई ने स्वीकार किया है कि वे एक कोयला कारोबारी को सरकारी दस्तावेज देते थे। यहां तक कि टेंडर और



जीएसटी केस के विवरण भी कारोबारी से साझा किये गये थे। पूछताछ में विश्नोई ने यह नहीं बताया है कि उस कारोबारी से कार्यालय दस्तावेज क्यों साझा किए।

### कोयला परिवहन परमिट की ऑनलाइन व्यवस्था खत्म करने का भी अप्रूवल नहीं

अभी तक की जांच में यह सामने आया है कि समीर विश्नोई ने खनिज साधन विभाग का संचालक रहते ही कोयला परिवहन परमिट की जो ऑनलाइन व्यवस्था खत्म की, उसका कोई अप्रूवल नहीं था। शासन स्तर पर ऐसा आदेश जारी करने का कोई निर्देश मौजूद नहीं है। समीर विश्नोई भी यह नहीं बता रहे हैं कि ऐसी अधिसूचना जारी करने के लिए उन्हें किसने निर्देशित किया था। ईडी इसी दस्तावेज को भ्रष्टाचार का पेंडोरा बॉक्स बता रही है।

### क्या होता है पेंडोरा बॉक्स जिसका बार बार ईडी में आ रहा जिक्र

पंडोरा का बॉक्स ग्रीक पौराणिक कथाओं में एक कहानी है। बॉक्स वास्तव में पंडोरा को उपहार-स्वरुप दिया गया था। पंडोरा एक बड़ा जार था जिसमें दुनिया की सभी बुराइयां निहित थीं। जब पंडोरा ने जार को खोला, जार में निहित सभी सामग्री मुक्त हो गई। आज, पंडोरा के बॉक्स को खोलने का अर्थ है बुराइयां पैदा करना, जिसे कभी नष्ट नहीं किया ज सकता। बुराई के इसी प्रतीक को ईडी भ्रष्टाचार का पेंडोरा बॉक्स बता रही है।

# कंपनी का श्रमिक ही निकला पौने दो लाख की लूट का मास्टरमाइंड

**धरसींवा, 23 अक्टूबर 2022।** चार दिन पूर्व दिन दहाड़े चलती सड़क पर नकाब पोश लुटेरों द्वारा की गई पौने दो लाख की लूट का पर्दाफाश करने में उरला सीएसपी ओर धरसीवा टीआई को सफलता मिली है लूट का मास्टरमाइंड कोई और नहीं बल्कि उसी कंपनी में कार्यरत श्रमिक निकला पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है शेष की तलाश जारी है।जानकारी के मुताबिक लूट की यह वारदात 18 अक्टूबर की दोपहर साढ़े बारह बजे धरसीवा थाना की सिलयारी पुलिस चौकी अंतर्गत पथरी मोड़ पर हुई थी।पुलिस ने इस मामले में लूट के मास्टरमाइंड विद्याधर क्षत्रिय उर्फ बबलू पिता शत्रुध्न क्षत्रिय उम्र 27 वर्ष निवासी बगडोर पोस्ट लुथुरबन्द उड़ीसा को गिरफ्तार कर लिया शेष की तलाश में पुलिस जुटी है।प्रार्थी सुशांत कुमार ने पुलिस को दी गई रिपोर्ट में बताया था कि वह ग्राम धुडर थाना टीटलागढ जिला बलांगीर उडीसा का रहने वाला है तथा एसपी गोयल कंपनी टीटलागढ में काम करता है उनकी कंपनी रेल्वे मे ठेका लेने का काम करती है तथा छत्तीसगढ मे रायपुर, भिलाई, सिलयारी महागांव मे स्लीपर, तथा प्लेटफार्म बनाने का काम चल रहा है।

वह कंपनी मे काम करने वाले लेवरो को पेमेंट देने का काम करता है 17 अक्टूबर को कंपनी के मालिक ने बोला कि लेवरो को पेमेंट



करने के लिये रकम लेकर भिलाई तथा रायपुर जाना है। 18 अक्टूबर को कंपनी से पेमेंट हेतु 170000 रूपये प्राप्त कर वह रेल्वे स्टेशन टीटलागढ से पुरी दुर्ग इंटरसीटी एक्सप्रेस मे सुबह 07.30 बजे बैठें करीब 11 बजे रायपुर पहुचे रायपुर पहुचकर संजय तथा विद्याधर से बात की तो उन्होंने बताया कि लेवर सिलयारी चले गये है। तथा लेवर पेमेंट करने सिलयारी जाना है तब ट्रेन से जाने मे परेशानी होने से वह विद्याधर के साथ कंपनी की मोटर सायकल CG 04 VC 1342 में सवार होकर सिलयारी के लिये निकले मोटर सायकल को विद्याधर चला रहा था हम लोग रास्ते मे मंदिर के पास के होटल मे पानी पीने के लिये रूके वहां से निकलर करीबन 12.30 से 01.00 बजे के बीच ग्राम तरेसर के पास पथरी वाले मोड पर पीछे से एक मोटर सायकल पल्सर मे तीन लोग आये आते ही बोले कट मारकर वाहन चलाता है यह कहते हुए लुटेरे गाली गलौज करने लगे मारपीट भी की।

एक आदमी मोटर सायकल मे बैठा तथा दो लोगों ने मारपीट की मारपीट करते समय अचानक बैग छीनने लगे विरोध किया तो हाथ मुक्का से प्रार्थी के साथ भी मारपीट की तथा बैग को छीन कर जाने लगे। प्रार्थी ने पीछा किया तथा बैग को वापस ले लिया था कि वे दोबारा मेरे को मारपीट कर बैग को लूट कर वापस जिस तरफ से आये थे उसी तरफ भाग गये। मारपीट कि दौरान मोबाईल जेब से गिर गया तो वे लोग उसको भी लूट कर ले गये। बैग मे कंपनी का 170000 रूपये तथा प्राथि सुशांत का पर्सनल 5000 रूपये मोबाइल मोटोरोला कंपनी का टच स्क्रीन भी थावाला जिसमे जिसमे एयरटेल कंपनी का सीम लगा है जिसका नंबर 9777835103 तथा कागजात कक्षा 10 वी से लेकर बी0एड तक का मार्कशीट सर्टिफिकेट, पासबुक नंबर 31710043107 एस बैक का आधार कार्ड, एटीएम कार्ड 02 नग, पेन कार्ड था जिसे लुट कर लुटेरे भाग गये। लुट करने के दौरान लुटेरों ने प्रार्थी की मोटर सायकल की चाबी निकाल कर पास की झाडी मे फेक दी जिससे वह लुटेरों का पीछा भी नही कर पाये।दिनदहाड़े हुई लूट की इस वारदात से क्षेत्र में हड़कंप मच गया था।

# आबकारी विभाग ने की बड़ी कार्रवाई, लाखों का महुआ लहान किया जब्त

**धमतरी, 23 अक्टूबर 2022।** कलेक्टर पी.एस.एल्मा के निर्देशानुसार जिले में आबकारी अमले द्वारा 18 से 22 अक्टूबर तक विशेष अभियान चलाकर अवैध शराब के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की गई। जिला आबकारी अधिकारी से मिली जानकारी के मुताबिक अमले द्वारा कुल 28.720 लीटर देसी प्लेन मदिरा, 31.5 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब और 5300 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त किया गया। इसी तरह कुल 19 प्रकरण कायम किए गए। इनमें गैर जमानतीय 34(2) के दो प्रकरण जमानतीय प्रकरण 34(1)के पांच, 36(ए)के दो, 36(बी)के दो और 36(सी)के सात प्रकरण शामिल हैं। बताया गया है कि नगरी के सांकरा में योगेश महादानी से 19 लीटर देशी मदिरा प्लेन जप्त कर 34(1) क 34(2) व 59(क) प्रकरण प्रकरण पंजीबद्ध किया।

इसी तरह कोपेडीह के कुंदन



सोनवानी से सात लीटर हाथभट्ठी महुआ शराब जप्त कर 34(2) व 59(क) प्रकरण, कोरगांव के घनश्याम कमार से मदिरा साढ़े चार लीटर हाथभट्ठी महुआ शराब जप्त कर प्रकरण 34(1) ख का पंजीबद्ध किया गया। कुरूद के देवेन्द ढाबा से 13 पाव देशी मदिरा जप्त कर प्रकरण 34(1) ख, संगवारी ढाबा स्थित फिरतू साहू से मदिरा 2.600 माल्ट जप्त कर प्रकरण 36(क), पीपरछेड़ी के बाबा ढाबा स्थित आकाश देशमुख से सात पाव देशी मदिरा जप्त कर प्रकरण 34(1) क पंजीबद्ध किया गया। नारी के राकेश ढाबा स्थित मनहरण रात्रे से 2.7 लीटर देशी मदिरा प्लेन जप्त कर प्रकरण 34(1) क, चरमुडिया के स्नेहलता अग्रवाल से 3.240 लीटर देशी मदिरा प्लेन जप्त कर प्रकरण 34(1) ख पंजीबद्ध किया गया। इसी तरह आबकारी अमले द्वारा भखारा के नवदीप कौर के विरूद्ध प्रकरण 36 (ए), कृसीण कुमार प्रकरण 36(बी), चर्रा के हेमंत चंद्राकर प्रकरण 36(सी), अरविंद साहू प्रकरण 36(ख), नारी के पीलू सोनकर पर प्रकरण 36(सी) पंजीबद्ध किया गया। दानीटोला, धमतरी के हितेश निषाद पर प्रकरण 36(सी), शेषनारायन यादव पर प्रकरण 36(सी), कुरूद के चंद्राकर ढाबा स्थित तुला चंद्राकर पर प्रकरण 36(सी), नारी के किरण ढाबा स्थित उमेश पर प्रकरण 36(सी), यादव होटल के रणबीर पर प्रकरण 36(सी) पंजीबद्ध किया गया। साथ ही ग्राम आबकारी अमले द्वारा बोदल बहरा के नाले, सलोनी के जंगल और ग्राम कोपेडीह के विभिन्न स्थानों पर 5300 किलोग्राम महुआ लाहन नष्ट किया गया तथा 20 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया।

# माता कौशल्या मंदिर में जगमगाएंगे 31 हजार दिए

**रायपुर, 23 अक्टूबर 2022।** दीपावली की पूर्व संध्या पर चंदखुरी स्थित माता कौशल्या मंदिर में आज शाम 6-45 पर राजीव युवा मितान क्लब द्वारा 31 हजार दीपक जलाए जाएंगे। चंदखुरी स्थित माता कौशल्या के मंदिर में दीपावली की पूर्व संध्या अद्भुत रहने वाली है। पूरा मंदिर दीयों की रौशनी से जगमगाने वाला है। रविवार शाम राजीव युवा मितान क्लब लगभग 31 हजार दीयों से माता



कौशल्या के मंदिर को जगमगाएंगे।

वही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेशवासियों को दीपावली पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने इस अवसर पर सभी के लिए सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की है। दीपोत्सव की पूर्व संध्या पर जारी अपने बधाई संदेश में उन्होंने कहा है कि रोशनी का त्यौहार दीपावली सबके जीवन और घर-आंगन को खुशियों और सुख-समृद्धि से आलोकित करे।

# निजी दफ्तर में आगजनी,माल और फर्नीचर जलकर हुआ राख

**कोरबा, 23 अक्टूबर 2022।** जिले में एक शख्स के ऑफिस में आग लग गई। जिसके कारण अंदर रखा हजारों रुपए का माल और फर्नीचर जलकर राख हो गया। पीड़ित ने किसी पर जानबूझकर दफ्तर में आग लगाने का आरोप लगाया है। क्योंकि अंदर रखा नया मोबाइल गायब है। साथ ही अंदर रखे जरूरी दस्तावेज भी जल गए हैं। मामला मानिकपुर चौकी क्षेत्र का है।



रजगामार निवासी दीपचंद केशरवानी सरकारी योजनाओं के तहत पेड़-पौधे लगवाने का काम करते हैं। उन्होंने इसके लिए दादरखुर्द में अपना दफ्तर खोल रखा है। रोज की तरह शनिवार को भी उन्होंने अपना दफ्तर खोला था। रात के वक्त वह दफ्तर बंद कर घर चले गए थे। इसी दौरान रात के वक्त यह घटना हुई है।

बताया गया रात के वक्त अचानक से दुकान में आग लग गई। तब आस-पास के लोगों ने इस घटनाक्रम को देखा। फिर दीपचंद को इस बात की जानकारी दी गई। जिसके बाद वो दुकान में पहुंचे। उन्होंने देखा कि अंदर रखा कुछ माल और फर्नीचर पूरी तरह से जल गया है। अंदर उन्होंने मोबाइल रखा था। जो दुकान में नहीं है। उन्होंने पुलिस को इस घटनाक्रम के बारे में जानकारी दी। उनका कहना था किसी ने जानबूझकर आग लगाई है। क्योंकि अंदर रखा नया मोबाइल भी किसी ने पार कर दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# रायपुर में लूटकांड मामले में फरार आरोपी के.रामलू रेड्डी गिरफ्तार

**रायपुर, 23 अक्टूबर 2022।** प्रार्थी सुशांत कुम्भार ने थाना धरसींवा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह एसपी गोयल कंपनी टीटलागढ़ उड़ीसा में काम करता है। प्रार्थी की कंपनी रेल्वे में ठेका लेती है तथा वर्तमान में ठेका लेकर छत्तीसगढ में रायपुर, भिलाई, सिलयारी, मौहागांव में स्लीपर तथा प्लेटफार्म बनाने का काम कर रही है। प्रार्थी कंपनी में काम करने वाले श्रमिकों को उनका पेमेंट देने का काम करता है। प्रार्थी के कंपनी के मालिक द्वारा प्रार्थी को श्रमिकों के पेमेंट के लिये रकम लेकर रायपुर तथा भिलाई जाने बोले जाने पर प्रार्थी द्वारा दिनांक 18.10.2022 को कम्पनी से श्रमिकों को पेमेंट करने हेतु 1,70,000/- रूपये नगदी रकम अपने बैग में प्राप्त कर रेलवे स्टेशन टिटलागढ़ से रायपुर पहुंचा। रायपुर पहुंचकर करीबन 11.00 बजे कम्पनी के कर्मचारी सागर एवं विद्याधर से बात कर श्रमिकों को पेमेंट करने हेतु सिलयारी जाने के लिये कम्पनी के दोपहिया वाहन में विद्याधर के साथ निकल गया। इसी दौरान प्रार्थी अपने कम्पनी के कर्मचारी के साथ ग्राम तरेसर के पास पहुंचा था।

मोटर सायकल में सवार 03 व्यक्तियों के द्वारा प्रार्थी को रोककर अश्लील गाली गलौच एवं मारपीट



करते हुए प्रार्थी के पास रखे रकम से भरे बैग, नगदी रकम, मोबाईल फोन एवं अन्य दस्तावेज को लूट कर फरार हो गये। जिस पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध थाना धरसींवा में अपराध क्रमांक 512/22 धारा 394 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध किया गया था। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में प्रकरण में पूर्व में आरोपी बबलू उर्फ विद्याधर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त 1 दोपहिया वाहन, घटना से संबंधित 1 मोबाईल फोन एवं नगदी रकम जप्त किया गया था। प्रकरण में संलिप्त अन्य आरोपी घटना के बाद से फरार चल रह थे, जिनकी लगातार पतासाजी की जा रहीं थी। इसी दौरान टीम के सदस्यों को फरार आरोपी के. रामलू रेड्डी की उपस्थिति के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा प्रकरण में संलिप्त आरोपी के. रामलू रेड्डी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लूट की नगदी रकम 50,000/- रूपये तथा घटना से संबंधित 01 नग मोबाईल फोन जप्त किया गया है।

गिरफ्तार आरोपी - के. रामलू रेड्डी पिता के. चिना रेड्डी उम्र 27 साल निवासी म.नं. 531 जय हिन्द चैक पुरैना भिलाई 3 थाना भिलाई 3 जिला दुर्ग।

# कलेक्टर की अपील पर मोर शहर-मोर जिम्मेदारी के तहत व्यापारी भी आये आगे,आकाशगंगा मार्केट में बनाएंगे एंट्री गेट

**भिलाई, 23 अक्टूबर 2022।** आज धनतेरस के दिन त्यौहार को छोड़कर कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा और निगमायुक्त रोहित व्यास व्यापारियों की समस्याओं को लेकर अकाश गंगा मार्केट क्षेत्र रात्रि में पहुंचे। व्यापारियों ने कलेक्टर को अंडर ब्रिज निर्माण से संबंधित समस्याओं से अवगत कराया, इस पर कलेक्टर ने कहा कि रेलवे एवं इससे संबंधित अधिकारियों के साथ इसकी विस्तृत समीक्षा कर समाधान का प्रयास करेंगे। व्यापारियों के साथ कलेक्टर एवं निगम आयुक्त ने पूरे मार्केट क्षेत्र का दौरा किया, उत्तर गंगोत्री, दक्षिण गंगोत्री, अकाश गंगा के सभी स्थानों पर पहुंचे।

इस दौरान उन्होंने असमाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने कहा कि पुलिसिया विजिटिंग भी मार्केट क्षेत्रों में जरूरी है, अंधेरे जगह एवं खाली स्थानों पर विशेष नजर रखें। कुछ स्थानों पर अमृत मिशन के



तहत बिछाए गए पाइपलाइन की पानी सप्लाई को दुरुस्त करने कलेक्टर ने निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मार्केट क्षेत्रों में सार्वजनिक शौचालय की साफ-सफाई निरंतर रहनी चाहिए साथ ही व्यापारी संघ की मांग पर उन्होंने दक्षिण गंगोत्री क्षेत्र में शौचालय निर्माण के निर्देश दिए। अकाश गंगा मार्केट क्षेत्र में उन्होंने डोर टू डोर कचरा कलेक्शन दिन एवं रात दोनों ही पारियों में करने कहा। कलेक्टर के निर्देश पर आकाशगंगा में हाल ही में पार्किंग की अच्छी व्यवस्था निगम एवं व्यापारियों के सहयोग से की गई है जहां पर वाहने खड़ी की जा रही हैं, ट्रैफिक की समस्या से भी निजात मिला है, इस स्थल पर पड़े हुए कुछ कबाड़ को हटवाने के निर्देश उन्होंने दिए। मोर शहर मोर जिम्मेदारी के तहत कलेक्टर ने शहरवासियों से अपील की थी, जिसका सकारात्मक परिणाम देखने मिल रहा है व्यापारी संघ ने आज कलेक्टर को बताया कि वह इस थीम के तहत् स्वयं के खर्चे से आकाशगंगा के लिए प्रवेश द्वार का निर्माण करेंगे। निरीक्षण के दौरान व्यापारी संघ एवं व्यापारी गण, रेलवे के अधिकारी, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा आदि मौजूद रहे।

# भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने किया पुतला दहन, कर्मचारियों को वेतन न मिलने का विरोध



**रायपुर, 23 अक्टूबर 2022।** छत्तीसगढ़ में दिवाली से पहले कर्मचारियों को वेतन न मिलने के विरोध में भाजपा कार्यकर्ता जमकर विरोध कर रहे हैं। जगदलपुर के कोर्ट चौक में भाजयुमो के कार्यकर्ताओं ने छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार का पुतला दहन किया है। सरकार से सभी कर्मचारियों के खाते में वेतन डालने की मांग की है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि, सरकार को अपने कर्मचारियों की चिंता नहीं है।

भाजयुमो जिलाध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव ने कहा कि, दिवाली भारत के निवासियों के लिए बड़ा पर्व है। जिससे बेहद ही उत्साह के साथ मनाया जाता रहा है। इस दिवाली में छ्त्त के कर्मचारियों की खुशियों में कांग्रेस सरकार की वजह से ग्रहण लग चुका है। सरकार ने कर्मचारियों के खाते में वेतन नहीं डाले हैं। अब ऐसे में उनके सामने एक बड़ी समस्या है कि वे अब कैसे इस पर्व को मनाए।

अविनाश ने कहा कि, छत्तीसगढ़ कांग्रेस सरकार में कर्मचारियों की उपेक्षा लंबे समय से देखी जा रही है। छत्तीसगढ़ के कर्मचारी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर लगातार आंदोलन कर रहे हैं। पर कांग्रेस सरकार उनकी मांगों को मानना तो दूर पर्वों की खुशियों को भी छीनने का कार्य कर रही है। छत्तीसगढ़ के कर्मचारियों को उनका हक मिलना चाहिए। वहीं दहन के दौरान पुलिस के साथ कार्यकर्ताओं की झूमा-झटकी भी हुई।

# FATF की ब्लैक लिस्ट में जाने से बढ़ेंगी सैनिक शासन की मुश्किलें,विदेशी मुद्रा प्रबंधन होगा और कठिन

**यंगून , 23 अक्टूबर 2022।** अंतरराष्ट्रीय निगरानी संस्था फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) ने म्यांमार को अपनी काली सूची में डाल दिया है। ऐसा इस आरोप में किया गया है कि म्यांमार की सैनिक सरकार आतंकवाद को धन मुहैया करा रही है। इस तरह अब म्यांमार को उस सूची में रख दिया गया है, जिसमें इसके पहले सिर्फ ईरान और उत्तर कोरिया मौजूद हैं।

एफएटीएफ का गठन 1989 में सबसे धनी देशों के संगठन जी-7 ने किया था। ये संस्था आतंकवाद को धन मुहैया कराने वाले और व्यापक विनाश के हथियारों के प्रसार में शामिल देशों की निगरानी करती है। शुक्रवार को पेरिस में हुई अपनी बैठक में एफएटीएफ ने जहां पाकिस्तान को निगरानी के ग्रे लिस्ट से बाहर कर संदेह मुक्त घोषित कर दिया, वहीं म्यांमार को ब्लैक लिस्ट में डालने का फैसला किया।



वेबसाइट निक्कईएशिया.कॉम की एक रिपोर्ट के मुताबिक एफएटीएफ ने ये फैसला मुख्य रूप से म्यांमार के कशीनो (जुआ घर) और सीमा पार होने वाले 'अवैध' व्यापार के कारण लिया है। आरोप है कि इन दोनों गतिविधियों में अंतरराष्ट्रीय अपराधी शामिल हो गए हैं, जो ड्रग्स और गैम्बलिंग (जुआ) के धंधों में लगे हुए हैं।

इस फैसले के एलान करते हुए एफएटीएफ के अध्यक्ष राजा कुमार ने कहा- 'ये फैसला इसलिए लिया गया है, क्योंकि म्यांमार ने मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवाद को धन मुहैया कराने को रोकने के लिए मौजूद व्यवस्था का उल्लंघन किया है। इसीलिए एफएटीएफ दुनिया भर के देशों से अपील करता है कि म्यांमार से कारोबारी संबंध बनाने और किसी प्रकार का लेन-देने करने में वे पूरी सावधानी बरतें।' राजा कुमार सिंगापुर के अधिकारी हैं और इसी वर्ष एक जुलाई को उन्होंने इस एजेंसी के अध्यक्ष का पद संभाला है।

म्यांमार को इसके पहले भी लंबे समय एफएटीएफ के ब्लैक लिस्ट में रखा गया था। 2016 में उसे ब्लैक लिस्ट से ग्रे लिस्ट में लाया गया। उसी वर्ष तत्कालीन सैनिक शासक थीन सीन ने आंग सान सू ची की पार्टी नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी (एनएलडी) के नेतृत्व में बनी निर्वाचित सरकार को सत्ता सौंपी थी। फरवरी 2021 में सैनिक शासन की वापसी के बाद म्यांमार पर फिर निगरानी बढ़ा दी गई, जिसका नतीजा अब उसे फिर से ब्लैक लिस्ट में डालने के रूप में आया है।

म्यांमार के एक विश्लेषक के मुताबिक इस फैसला को सैनिक शासन की कड़ी आलोचना के रूप में देखा जाएगा। इससे देश की राजसत्ता और अर्थव्यवस्था को संचालित करने सेना की साख पर बट्टा लगेगा। इससे यह भी जाहिर हुआ है कि सैनिक जनरलों ने किस हद तक देश के सेंट्रल बैंक का दुरुपयोग किया है।

विश्लेषकों ने कहा है कि एफएटीएफ के इस फैसले से म्यांमार की पीड़ित जनता के लिए अंतरराष्ट्रीय मानवीय सहायता मुहैया कराना और कठिन हो जाएगा। देश में कारोबारी समुदाय पहले से ही परेशान है। अब उसकी मुश्किलें और बढ़ जाएंगी।

हांगकांग सरकार के पूर्व अधिकारी और म्यांमार विशेषज्ञ माइकल एन.जी. ने वेबसाइट निक्कई एशिया से कहा- इस फैसले से म्यांमार के सैनिक शासन के लिए विदेशी मुद्रा का प्रबंधन और मुश्किल हो जाएगा। उधर अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के लिए म्यांमार से कारोबार करना कठिन हो जाएगा। ऐसा करने पर उन पर प्रतिबंध लगने का खतरा रहेगा। साथ ही उससे उनकी प्रतिष्ठा भी कलंकित होगी।

# अमेरिका के अस्पताल और स्कूल में चली गोलियां,तीन की मौत,एक घायल

**वाशिंगटन , 23 अक्टूबर 2022।** अमेरिका में गोलीबारी की घटनाएं नहीं रुक रही हैं। अब दो जगहों पर ऐसी वारदात सामने आई है, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों की ओर से मिली जानकारी के मुताबिक, अमेरिका के डलास और कैलिफोर्निया में गोलीबारी की घटनाएं हुईं।




स्थानीय पुलिस ने बताया, डलास में शनिवार को एक अस्पताल में हुई गोलीबारी में उसके दो कर्मचारियों की मौत हो गई, जबकि पुलिस की जवाबी फायरिंग में संदिग्ध बंदूकधारी घायल हो गया। यह गोलीबारी मेथोडिस्ट हेल्थ सिस्टम अस्पताल के अंदर करीब 11 बजे हुई। अस्पताल के प्रवक्ता रेयान ओवेन्स ने यह जानकारी दी।

ओवेन्स ने बताया, गोलीबारी में उसके दो कर्मचारियों की मौत हो गई। इन कर्मचारियों के नाम अभी सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। उन्होंने बताया कि सूचना के बाद मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मी ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें संदिग्ध घायल हो गया।

**कैलिफोर्निया के स्कूल में भी चली गोली-** इसके अलावा गोलीबारी की दूसरी घटना कैलिफॉर्निया में एक हाई स्कूल में हुई, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। बताया गया कि शुक्रवार रात ग्रांट यूनियन हाई स्कूल में फुटबॉल मैच खत्म होने के बाद करीब 20 लोगों के बीच हुई कहासुनी के बाद गोलीबारी हुई। अधिकारियों को स्कूल की एक पार्किंग में एक बंदूक और टूटे हुए शीशे मिले हैं।

# आमने-सामने ऋषि सुनक और बोरिस जॉनसन,गुप्त समझौते पर हुई बात



**लंदन , 23 अक्टूबर 2022।** ब्रिटेन का अगला प्रधानमंत्री कौन होगा? इस सवाल का जवाब पूरी दुनिया जानना चाहती है, लेकिन बीते कुछ महीनों में जिस तरह से ब्रिटेन की राजनीति में उलटफेर हुए हैं, उसके चलते किसी पर भी दावा करना मुश्किल लग रहा है। हालांकि, मुकाबला पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन और पूर्व चांसलर ऋषि सुनक के बीच ही माना जा रहा है। जबकि, दोनों की ओर से पीएम पद की उम्मीदवारी का दावा अभी तक नहीं किया गया है।

इन सबके बीच शनिवार को जॉनसन और सुनक आमने-सामने आए और कंजर्वेटिव पार्टी के नेतृत्व को लेकर दोनों के बीच चर्चा हुई। मामले से परिचित लोगों का कहना है कि दोनों के बीच समझौते को लेकर बातचीत हुई, जो वोटों के बंटवारे की आवश्यकता को समाप्त कर सकता है।

### सांसदों की अपील पर दोनों नेता आए सामने

बता दें, पूर्व में हुए कुछ घटनाक्रमों के कारण ऋषि सुनक और बोरिस जॉनसन के बीच मतभेद सामने आ गए थे। हालांकि, इन मतभेदों को खत्म करने के लिए दोनों नेताओं से टोरी सांसदों ने अपील की थी, जिसके बाद दोनों नेता आमने-सामने आए। मामले पर करीब से नजर रखने वालों में से एक का कहना है कि दोनों के बीच एक समझौते पर मतभेद खत्म करने को लेकर चर्चा हुई, जिसमें उनमें से एक को प्रमुख के रूप में और दूसरे को वरिष्ठ कैबिनेट सहयेगी की स्थिति में देखा जा सकता है।

### सुनक के पास 100 से अधिक सांसदों का समर्थन

भारतीय मूल के ब्रिटिश सांसद और पूर्व वित्त मंत्री ऋषि सुनक ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री पद की दौड़ में शामिल होने के लिए न्यूनतम नामांकन की सीमा को पार कर लिया है। उन्हें कंजर्वेटिव पार्टी और ब्रिटिश प्रधानमंत्री पद के लिए 100 से अधिक नामांकन हासिल हो गए हैं। देश की पूर्व प्रधानमंत्री लिज ट्रस के इस्तीफे के बाद पद पर दावा करने वालों में ऋषि सुनक पहले हैं, जिन्होंने 100 सांसदों का समर्थन प्राप्त किया है। वहीं, जॉनसन सुनक से काफी पीछे चल रहे हैं, हालांकि उनके समर्थकों ने दावा किया कि उनके पास निजी तौर पर 100 से अधिक लोग हैं।



# केन्या में चार माह से लापता दो भारतीयों की हत्या,राष्ट्रपति की मदद करना पड़ा महंगा

**नैरौबी , 23 अक्टूबर 2022।** केन्या में करीब चार महीनों से लापता दो भारतीयों की हत्या कर दी गई है। इसकी जानकारी केन्या के राष्ट्रपति विलियम रुटो के बेहद करीबी डेनिस इटुंबी ने दी है। इस हत्या के पीछे आपराधिक जांच निदेशालय (डीसीआई) की भंग की जा चुकी इकाई एसएसयू का हाथ बताया जा रहा है।

### दोनों भारतीय राष्ट्रपति के अभियान में कर रहे थे मदद

बताया जा रहा है कि दोनों भारतीय जुल्फिकार अहमद खान और उसके दोस्त मोहम्मद जैद सामी किदवई ने राष्ट्रपति रुटो के चुनाव अभियान की सफलता में बड़ा योगदान दिया था। वे केन्या क्वांजा डिजिटल अभियान टीम का हिस्सा थे। जांच में दोनों भारतीयों के लापता होने के पीछे डीसीआई की इकाई एसएसयू का हाथ होने का पता चला। जिसके बाद राष्ट्रपति ने एसएसयू को भंग करने का आदेश जारी किया था और इसके कुछ दिनों बाद ही दोनों भारतीयों की हत्या की खबर सामने आई है।

### जुलाई में दोनों दोस्त हुए थे लापता

जुल्फिकार अहमद खान और उनके दोस्त मोहम्मद जैद सामी किदवई जुलाई के महीने में मोम्बासा रोड से टैक्सी ड्राइवर निकोडेमस मवानिया के साथ लापता हो गए थे। इसके बाद इसकी जांच बिठाई गई तो पता चला कि दोनों के लापता होने के पीछे आपराधिक जांच निदेशालय (डीसीआई) की भंग की जा चुकी इकाई एसएसयू का हाथ है।


# हमने दो चमत्कार किए, दुनिया को चीन की जरूरत

## तीसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद बोले शी जिनपिंग

**बीजिंग , 23 अक्टूबर 2022।** शी जिनपिंग ने रविवार को चीन के राष्ट्रपति के रूप में एक ऐतिहासिक तीसरा कार्यकाल हासिल कर लिया। जिनपिंग अब पांच साल के लिए और इस पद पर बने रहेंगे। माओत्से तुंग के बाद से देश के सबसे शक्तिशाली नेता के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करते हुए उन्होंने अपने कुछ निकटतम कम्युनिस्ट पार्टी सहयोगियों को पदोन्नत भी किया। वहीं तीसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद उन्होंने अपना संबोधन भी दिया। उन्होंने चीन के तेजी से विकास के लिए अपनी भविष्य की नीति पर भी चर्चा की।

### दुनिया को चीन की जरूरत: जिनपिंग

मीडिया से बात करते हुए शी जिनपिंग ने कहा कि दुनिया को चीन की जरूरत है। शी ने कहा कि चीन दुनिया के बिना विकसित नहीं हो सकता और दुनिया भी चीन के बिना आगे नहीं बढ़ सकती है। इसलिए हमें अन्य देशों के साथ मिलकर काम करने की आवश्यकता है। दुनिया में हमारे योगदान को नकारा नहीं जा सकता है।



जिनपिंग

**हमने दो चमत्कार किए-** सुधार और खुलेपन की दिशा में 40 से अधिक वर्षों के अथक प्रयासों के बाद, हमने दो चमत्कार किए हैं - तेजी से आर्थिक विकास और दीर्घकालिक सामाजिक स्थिरता। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी और हमने हमारे लोगों के विश्वास को जीतने के लिए अपने कर्तव्यों के प्रदर्शन में लगन से काम करने का वादा किया।

### जिनपिंग के वर्चस्व से बदला पार्टी का चार दशक पुराना नियम

जिनपिंग के तीसरी बार चीन के राष्ट्रपति बनने के साथ ही पार्टी का चार दशक पुराना नियम भी टूट गया है। दरअसल, चीन में 1982 में सर्वोच्च पद पर 10 साल के कार्यकाल का नियम बनाया गया था। हालांकि, जिनपिंग को पांच और वर्षों तक सत्ता में रखने के लिए इस नियम को किनारे कर दिया गया।

### जिनपिंग के नाम जुड़ा रिकॉर्ड

जिनपिंग इस साल सीपीसी प्रमुख और राष्ट्रपति के तौर पर अपना 10 साल का कार्यकाल पूरा कर रहे हैं। पार्टी संस्थापक माओत्से तुंग के बाद वह पहले चीनी नेता बन गए हैं, जो सत्ता में तीसरे कार्यकाल तक कायम रहेंगे। माओत्से तुंग ने करीब तीन दशक तक चीन पर शासन किया था। जानकारों का मानना है कि नया कार्यकाल मिलने का सीधा मतलब यह है कि जिनपिंग भी माओ की तरह जीवनपर्यंत सत्ता में बने रहने की मंशा रखते हैं।

# यूएस हाउस पैनल ने कैपिटल दंगे पर ट्रम्प को समन जारी किया

**वाशिंगटन ,22 अक्टूबर 2022।** अमेरिकी सदन की चयन समिति ने 2021 के कैपिटल दंगों की जांच कर रहे पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को एक समन जारी किया है। 6 जनवरी, 2021 को हुई घटना और इसके कारणों की जांच से संबंधित साक्ष्य और दस्तावेज मांगने के लिए पैनल ने सर्वसम्मति से मतदान करने के एक सप्ताह से अधिक समय बाद यह कदम उठाया।



ट्रम्प को समन में 4 नवंबर तक समिति को दस्तावेजों के उत्पादन की आवश्यकता होती है और 14 नवंबर को या उसके आसपास शुरू होने वाले बयान की गवाही के लिए उपस्थित होना चाहिए।

समिति के अध्यक्ष बेनी थॉम्पसन और उपाध्यक्ष लिज चेनी ने एक पत्र में, ट्रम्प पर व्यक्तिगत रूप से 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में हेरफेर करने का आरोप लगाया।

ट्रंप बार-बार समिति और उसके सदस्यों को आड़े हाथों ले चुके हैं। उन्होंने उन्हें समन जारी करने के लिए पैनल के वोट के समय पर भी सवाल उठाया है।

6 जनवरी, 2021 को, ट्रम्प समर्थकों की एक बड़ी भीड़ ने वाशिंगटन, डीसी में कैपिटल पर धावा बोल दिया और 2020 के राष्ट्रपति चुनाव परिणामों की पुष्टि के लिए कांग्रेस के एक संयुक्त सत्र को बाधित कर दिया।

लगभग 140 पुलिस अधिकारियों पर हमला किया गया। अधिकारियों ने कम से कम पांच मौतों को तबाही से जोड़ा है।

# नेपाल पर मंडरा रहा भूख-कुपोषण की समस्या के गंभीर होने का खतरा,क्या कहते हैं आंकड़े

**काठमांडू , 23 अक्टूबर 2022।** नेपाल में गरीबी और कुपोषण के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। हालांकि ये स्थिति बीते कई वर्षों के दौरान अधिक गंभीर हुई है, लेकिन इस पर चर्चा हाल में ताजा ग्लोबल हंगर इंडेक्स जारी होने के बाद तेज हुई है। इस इंडेक्स में नेपाल को 19.1 अंक प्राप्त हुए। यह इस बात का संकेत है कि नेपाल भूख की समस्या गंभीर स्थिति के करीब पहुंच गई है।

इस इंडेक्स में अगर किसी देश को 10 से कम अंक मिलें, तो उसका मतलब यह समझा जाता है कि वहां भूख की स्थिति अपेक्षाकृत कम है। 10 से 19 अंक तक समस्या को हलका माना जाता है। 20 से 34.9 अंक के बीच आने वाले देश गंभीर श्रेणी में माने जाते हैं, जबकि 35 से 49.9 अंक तक को खतरनाक और 50 से ऊपर अंक मिलने को बेहद खतरनाक स्थिति कहा जाता है।

पोषण विशेषज्ञ डॉ. अतुल चीर ने कहा है- 'अगर अतीत से तुलना करें, तो स्थिति सुधरी है। लेकिन इस पर खुश होने का कोई कारण नहीं है। हम अभी उस हाल में हैं, जिसमें भूख की समस्या गंभीर रूप ले सकती है।' चीर ने अखबार काठमांडू पोस्ट से कहा- 'देश में ऐसे लोग बड़ी संख्या में हैं, जिन्हें पोषण के लिहाज से पर्याप्त भोजन नहीं मिलता है।'



ग्लोबर हंगर इंडेक्स में भूख को तीन पैमानों पर मापा जाता है। ये हैं- खाद्य की नाकाफी सप्लाई, बाल कुपोषण, और बाल मृत्यु दर। बाल कुपोषण के कारण बच्चों का पर्याप्त शारीरिक और मानसिक विकास नहीं हो पाता है। पांच साल से कम उम्र के अविकसित बच्चों की संख्या के लिहाज से नेपाल ने अच्छी प्रगति की है। 2001 में देश में ऐसे बच्चों की संख्या 57 प्रतिशत थी, जो अब 32 फीसदी के करीब रह गई है। फिर भी ये संख्या चिंताजनक है।

नेपाल के स्वास्थ्य और जनसंख्या मंत्रालय के अधिकारियों का कहना है कि देश में भूख और कुपोषण की समस्या के पीछे मुख्य कारण खाद्य सुरक्षा का अभाव है। कोविड-19 महामारी के बाद देश में ये समस्या और गंभीर हो गई है। महामारी से आम जिंदगी में जो रुकावट आई, उस कारण हजारों लोग बेरोजगार हो गए हैं। ऊपर से यूक्रेन युद्ध के कारण अनाज समेत जरूरी चीजों के आयात महंगे हो गए हैं। इससे हजारों लोगों को पर्याप्त भोजन नहीं मिल पा रहा है।

सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इस सूरत के लिए राजनेताओं को जिम्मेदार ठहराया है। उनका कहना है कि नेता कुर्सी की जोड़तोड़ में इस तरह उलझे रहते हैं कि भूख जैसी बुनियादी समस्या उनके एजेंडे से बाहर बनी रहती है। अभी भी जबकि ग्लोबल हंगर इंडेक्स रिपोर्ट से बिगड़ती स्थिति पर रोशनी पड़ी है, तमाम दल चुनावी बिसात सजाने में लगे हुए हैं। चुनाव प्रचार के दौरान कहीं भी ये मुद्दा उठते नहीं देखा गया है। जबकि इस दिशा में तुरंत कदम उठान की जरूरत है।

# बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव का एक और प्रोजेक्ट संकट में,म्यांमार कॉरिडोर के आगे नई मुश्किलें

**यंगून , 23 अक्टूबर 2022।** संकेत है कि म्यांमार में चीन की प्रमुख इन्फ्रास्ट्रक्चर योजना संकट में फंस गई है। चीन के बहुचर्चित बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) के तहत चीन-म्यांमार इकॉनमिक कॉरिडोर का निर्माण किया जा रहा है, लेकिन इस पर काम की रफ्तार हाल में थमती नजर आ रही है। बताया जाता है कि म्यांमार में बढ़े राजनीतिक और आर्थिक संकट के कारण इस परियोजना की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

इस परियोजना के जरिए चीन से म्यांमार के बीच रेल और सड़क नेटवर्क बनाया जा रहा है। इसका एक हिस्सा कुछ महीने पहले चालू हो गया था।इससे पश्चिमी चीन से म्यांमार तक रेल मार्ग से आना-जाना संभव हो गया है। चीन के नजरिए से ये प्रोजेक्ट बहुत अहम है, क्योंकि इससे हिंद महासागर तक उसकी सीधी पहुंच बनेगी। रेल मार्ग के अलावा इस कॉरिडोर के तहत सड़क मार्ग भी बनाया गया है। जून में ये मार्ग खुल गया, जब चीन के चोंगछिंग से म्यांमार स्थित मंडाले तक इस मार्ग से 60 कंटेनर पहुंचे। इन कंटेनरों के जरिए इलेक्ट्रॉनिक सामान, ऑटो पाट-पुर्जे और दूसरे सामान लाए गए।

लेकिन बताया जाता है कि ये सारा निर्माण कार्य लगभग दो साल पहले पूरा हुआ था। फरवरी 2021 में म्यांमार में हुए सैनिक तख्ता पलट के बाद से इस योजना पर काम लगभग ठहरा हुआ है। म्यांमार स्थित थिंक टैंक इंस्टीट्यूट फॉर स्ट्रेटेजी एंड पॉलिसी से जुड़े एक रिसर्चर ने वेबसाइट निक्कईएशिया.कॉम से कहा कि चीन म्यांमार की राजनीतिक घटनाओं को लेकर काफी चिंतित है। खासकर म्यांमार में फैली चीन विरोधी भावनाओं से उसे चिंता हुई है।



कुछ समय पहले इसी थिंक टैंक ने म्यांमार में कॉरिडोर के बारे में एक सर्वे किया। उसमें 83 प्रतिशत लोगों ने कहा कि इस प्रोजेक्ट से म्यांमार से कहीं ज्यादा फायदा चीन होगा। जबकि 12 प्रतिशत लोगों ने कहा कि इससे दोनों देशों को लाभ होगा।

वेबसाइट निक्कईएशिया की रिपोर्ट में कहा गया है कि परियोजना बढ़ती वित्तीय चुनौतियों का शिकार हो गई है। इसके अलावा जमीन अधिग्रहण की समस्या भी इसकी राह में रुकावट बनी है। बताया जाता है कि चीन जल्द से जल्द इस प्रोजेक्ट को पूरा करना चाहता है। लेकिन म्यांमार की सैनिक सरकार प्रोजेक्ट के लिए नया वित्त जुटाने में कमजोर पड़ रही है।

वैसे म्यांमार पर विदेशी कर्ज का बोझ ज्यादा नहीं है। 2020 में उस पर मौजूद विदेशी कर्ज उसके सकल घरेलू उत्पाद के सिर्फ 17 प्रतिशत के बराबर था। लेकिन 2021 में सैनिक तख्ता पलट के बाद म्यांमार पर पश्चिमी देशों ने सख्त प्रतिबंध लगा दिए। इससे पश्चिमी वित्तीय स्रोतों से उसका संबंध टूट गया। इससे म्यांमार की चीन और रूस पर निर्भरता बढ़ गई है।

जानकारों का कहना है कि अगर चीन म्यांमार की आंतरिक स्थिति को लेकर आश्वस्त हुआ, तो वह इस परियोजना में ज्यादा धन लगा सकता है। इसकी वजह उसके लिए इस परियोजना का महत्त्व है। हिंद महासागर तक पहुंच बनना उसकी बीआरआई की एक महत्त्वपूर्ण सफलता होगी। म्यांमार को उम्मीद है कि इस परियोजना के पूरा होने पर वह कारोबार का एक अंतरराष्ट्रीय केंद्र बन जाएगा। लेकिन समस्या यह है कि म्यांमार में सैनिक शासन के साथ-साथ चीन विरोधी भावनाएं भी फैलती जा रही हैं, जिससे इस प्रोजेक्ट के लिए जोखिम बढ़ गया है।

# इस धनतेरस नहीं दिखी स्थानीय बाजारों में धनवर्षा



» एसईसीएल कर्मियों का वेतन बोनस व किसानो बोनस भी धनतेरस बाजार को नहीं कर पाया गुलजार।
» शुभ मुहूर्त पर बाजार में हुई धन की वर्षा पर महंगाई का दिखा असर।
» ऑनलाइन व्यापार ने स्थानीय व्यापारियों को किया प्रभावित,ज्यादातर लोगों ने खरीदी की ऑनलाइन।
» भीड़-भाड़ से बचने लोग अब ऑनलाइन खरीददारी करने में ले रहे रुची, शुभ मुहूर्त पर भी हुई ऑनलाइन खरीदी।
» आभूषण व ऑटोमोबाइल की खरीददारी ही हुई बाजारों से शेष अन्य खरीदी हुई ऑनलाइन।
» भीड़-भाड़ व समस्याओं से दूर लोगों ने की ऑनलाइन खरीदी,शुभ मुहूर्त पर स्थानीय व्यापारी नेग बतौर हुई खरीदारी।
» साप्ताहिक बाजार होने की वजह से दिखी भीड़ पर दुकानों तक नहीं पहुंचे खरीदार।
» आभूषण व ऑटोमोबाइल को छोड़ लोगों ने की ऑनलाइन खरीदी।
» धनतेरस में वाहन,इलेक्ट्रानिक, बर्तन,फर्नीचन की बिक्री पर भी दिखा महंगाई का असर।

-रवि सिंह-
**बैकुण्ठपुर 23 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।** कोरोना वैश्विक महामारी में दो वर्ष बीते और दो वर्षों तक बाजारों पर लगने वाले प्रतिबंधों ने बाजारों को वैसे भी प्रभावित कर रखा था और लोग ऑनलाइन खरीददारी की ओर झुकने लगे थे और दो वर्षों बाद जब स्थिति सामान्य हुई बाजार रौनक हुए फिर भी लोगों का झुकाव ऑनलाइन खरीददारी की तरफ ही देखने को मिली जो इस धनतेरस देखने और समझने को मिला। इस धनतेरस बाजार तो पूरे उत्साह से तैयारियों में थे और व्यव्सायी भी उत्साह में थे कि दो वर्षों उपरांत इसवर्ष बेहतर रहेगा व्यापार और उस हिसाब से व्यापारियों ने तैयारी भी की थी लेकिन व्यापारियों को इस धनतेरस निराशा ही हाथ लगी और बाजारों में भीड़ कम दिखी। अधिकांश लोगों ने ऑनलाइन खरीददारी की और अपने अपने पसंद अनुसार धनतेरस के शुभ अवसर पर कुछ न कुछ खरीदा। ऑटोमोबाइल और आभूषण से सम्बंधित खरीददारी के लिए ही लोग घर से बाहर निकले और केवल इन्ही जगहों पर लोगों की भीड़ देखी गई अन्य जगहों और व्यापारियों के यहां भीड़ नहीं जुटी जो व्यापारियों के लिए चिंता का भी विषय रहा।

शनिवार को धनतेरस के शुभ मुहूर्त पर जिले के बाजार में करोड़ों की खरीददारी तो हुई पर कई क्षेत्र में व्यपार मंदा भी देखा गया है ऑटो मोबाइल्स, इलेक्ट्रानिक, बर्तन, फर्नीचर की बिक्री पर महंगाई का असरसफा देखा गया। पटना से जुड़े 83 गांव व 2 कॉलरी क्षेत्र कटकोना व पाण्डो पारा का नजदीकी मुख्य बाजार पटना होने के कारण आसपास के लोगों ने भी वह खरीदारी नहीं की जिसकी लोगो को उम्मीद थी वही स्थानीय व्यापारियों को ऑनलाइन व्यापार ने भी काफी नुकसान पहुंचाया जिसे लेकर व्यापारियों में काफी आक्रोश देखा गया, ऑनलाइन का व्यापार कुछ ज्यादा ही क्षेत्र में फैलता जा रहा है,जिससे स्थानीय व्यापारियों की समस्या भी बढ़ती जा रही है,जिसे लेकर भी व्यापारियों के अंदर एक बड़ी चिंता सता रही है इस धनतेरस ऑनलाइन ने भी व्यापारियों को काफी नुकसान पहुंचाया है। महंगाई के बावजूद सोना, चांदी, इलेक्ट्रानिक, बर्तन व साज-सज्जा की दुकानों में पूरे दिन काफी भीड़ रही पर वह भीड़ नहीं दिखी जो हर साल दिखती थी, एसईसीएल कर्मियों को विभाग ने वेतन बोनस मिलाकर लगभग सभी प्रति कर्मचारियों को लगभग 2 लाख का भुगतान किया गया जो धनतेरस के बाजार की रोनक थोड़ा बढ़ी पर नहीं बढ़ी। महिलाएं जहां ज्वेलरी व रसोई के बर्तनों एवं साजों समानों के खरीदारी में लगी रही।





### धनतेरस ने व्यापारियों को किया निराश

इस बार धनतेरस पर व्यापारियों की मानें तो वह खरीदी नहीं हुई जो हर बार धनतेरस में देखने को मिलती थी,इसका कारण बढ़ती हुई महंगाई को बताया गया,वही धनतेरस में आभूषण की खरीदी बहुत अधिक होती थी पर सोने चांदी के दाम हर बार से इस धनतेरस से सबसे ऊंचे स्तर पर रहा इस वजह से आभूषण खरीदी में भी लोग पीछे दिखे,छुटपुट खरीदी ही की गई ग्रामीण अंचलों से महंगाई की वजह से खरीदी से बचते दिखे सिर्फ नेग बतौर खरीदी की गई। व्यापारी के चेहरे पर धनतेरस का उत्साह नहीं मायूसी देखी गई, व्यापारियों ने धनतेरस को लेकर व्यापार अच्छा रहेगा इसके लिए सारी तैयारियां कर रखी थी पर इस बार उनकी तैयारियों पर वह चीजें नहीं हुई जिसकी उन्हें उम्मीद थी, इस बार धनतेरस ने उन्हें निराश किया है वहीं क्षेत्र के लोगों को भी इस धनतेरस महंगाई की वजह से बाजारों से दूर रखा।

### भीड़ से बचने लोगों ने की ऑनलाइन खरीददारी

लोगों ने भीड़ से बचने के लिए ऑनलाइन खरीददारी की यह स्पष्ट तौर पर समझ मे आया,जो कुछ भी ऑनलाइन उपलब्ध था उसकी खरीददारी करने लोग कम ही बाजारों की ओर निकले जो ऑनलाइन मिल सका उसको ऑनलाइन ही लोगों ने खरीदा।

### ग्रामीण क्षेत्रों में भी ऑनलाइन खरीददारी देखी जा रही

शहरों के बाजारों में पहले ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के खरीददारी करने आने से भीड़ अधिक नजर आती थी, वर्तमान में यदि देखा जाए तो ग्रामीण क्षेत्रों में भी ऑनलाइन खरीददारी जमकर हो रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में ऑनलाइन खरीददारी का बढ़ता प्रचलन भी बाजारों की रौनक कम करने में कारण बना और बाजार लगभग भीड़ विहीन दिखे।

### ऑटोमोबाइल ज्वेलरी की खरीददारी हुई बाजारों से

लोगों ने शुभ मुहूर्त पर ऑटोमोबाइल और ज्वेलरी की खरीददारी बाजारों से की। ऑटोमोबाइल में वाहनों की बिक्री जहां औसत रही वहीं ज्वेलरी दुकानों में लोगों की भीड़ नजर आई। कुल मिलाकर वाहन व ज्वेलरी की खरीददारी के लिए लोगों ने बाजारों के रुख जरूर किया अन्य खरीददारी ऑनलाइन ही लोगों ने की।

### बाजारों से खरीददारी करने की अपील का भी फर्क कुछ खास नहीं पड़ा

इस दीवाली लोग अपने निकट के बाजारों से खरीददारी करें इसके लिए अनेक अपील किये गए और लोग निकट के बाजारों से खरीददारी करें इसके लिए प्रचार - प्रसार भी किया गया लेकिन इस प्रचार-प्रसार का भी असर कम ही देखने को मिला और लोग ऑनलाइन खरीददारी का मोह नहीं छोड़ पाए। अपील का असर कुछ खास नही पड़ा यह साफ नजर आया।

### इलेक्ट्रानिक का बाजार रहा मंदा

जबकि इस वर्ष इलेक्ट्रानिक उत्पादनों में फ्रिज, वाशिंग मशीन, टेलीविजन, की खरीदारी पिछले वर्ष की अपेक्षा काफी कम रही,व्यापारियों के अनुमान के अनुसार इलेक्ट्रानिक उत्पादों की बिक्री कम हुई है। इस धंधे के व्यापारी निराश दिखे क्योंकि वे इलेक्ट्रानिक उत्पादों की बिक्री पर काफी उम्मीदें लगाए बैठे थे।

### सराफा में उठाव

पटना क्षेत्र में सराफा बाजार भी धनतेरस के अवसर पर अच्छा खासा उठाव पर रहा। सराफा व्यापारी राजेश सोनी ने बताया कि इस बार सोने चांदी के भाव कम होने से क्षेत्र में ज्वेलरी का अच्छा व्यापार हुआ है। पिछले बार की तुलना में ज्वेलरी की खरीदारी ठीक-ठाक रही।

### धनतेरस के शुभ मुहुर्त पर कई नए दुकानों का उद्घाटन

इस शुभ मुहुर्त पर लगभग दस दुकान एवं लगभग पांच नए घरों का भी उद्घाटन व गृह प्रवेश हुआ इस वजह से भी बाजार में और रौनक देखने को मिली।

### पिछले वर्ष की अपेक्षा वाहनों की बिक्री में भी गिरावट

दो पहिया वहन शो-रूम संचालकों की मानें तो पिछले 3 वर्षों की तुलना में इस बार वाहन की बिक्री में काफी गिरावट आई है सिर्फ एक ही कंपनी नहीं सारी कंपनियों के वाहनों में गिरावट देखी गई हैं।

### बर्तन चमके

बर्तन व्यापार में धनतेरस पर काफी उठाव हुआ मंगलवार को षाम 5 बजे तक तकरीबन 20 लाख रूपये का व्यवसाय हो गया था। स्टील के बर्तन पीतल के बर्तनों की अपेक्षा अधिक पसंद बने हुए हैं। महिलाओं ने घर गृहस्थी के उपयोग के बतरतनों की खरीदारी करते दिखे।

# आखिर कब तक बंधक बनते रहेंगे एसईसीएल के कर्मचारी ?

»अपने नौकरी के दौरान कर्मचारी बंधक भी बन रहे और चोरों से मार भी खा रहे,चोरी के बाद अपने ही विभाग की सजा भी झेल रहे।
» बंद खदान में आए दिन पहुंचते हैं लोहा व तांबा चोरी करने।
» कर्मचारियों में भय का माहौल,पुलिस नहीं दे रही है ध्यान।
» कार्यवाही न होने की वजह से चोरों के हौसले बुलंद,दे रहे हैं पुलिस को चुनौती।
» चोर कर्मचारियों को देते हैं खुला चुनौती कोई पुलिस वाला हमारा कुछ नहीं कर सकता, क्या भय खत्म हो गया ?
» कर्मचारियों के लिए नौकरी करना हुआ मुश्किल,जान हथेली पर रख एसईसीएल के उपकरण को बचने के चक्कर में कई बार बंधक बने और खाई मार।
» एसईसीएल चोरी की रिपोर्ट लिखाने जाती है तो पुलिस चोरी हुए सामानों की मांगती है बिल,आखिर सरकारी उपकरण का ही पुलिस को क्यों चाहिए बिल ?

-रवि सिंह-
**बैकुण्ठपुर 23 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।** एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र के अंतर्गत सहक्षेत्र कटकोना कि बंद खदान 3 एंड 4 में चोरों का आतंक इस कदर है कि वहां पर सुरक्षा की दृष्टि से तैनात कर्मचारियों को ही बंधक बना लिया जाता है और उनके साथ मारपीट की जाती है और फिर खदान के अंदर घुसकर डंके की चोट पर चोरी की जाती है और खुले तौर पर पुलिस को चेतावनी भी दी जाती है कि तुम लोग कुछ भी कर लो सामान तो चोरी होगा ही, कितना भी कड़े पहरे लगा लो पुलिस को बुला लो चोरी रुकेगी नहीं, चोरों ने कई बार कर्मचारियों को बंधक बनाने की वारदात को अंजाम दे चुका है उधर चोर कर्मचारी को परेशान करते हैं और वही चोरी होने पर प्रबंधन भी कर्मचारियों को बतौर सजा फटकार लगाती है पर सवाल यह है कि 5 निहत्थे कर्मचारी दर्जनों की भीड़ से कैसे खदान को सुरक्षित कर पाएंगे यह एक बड़ा सवाल है?

सहक्षेत्र कटकोना की 3 एंड 4 खदान 7 साल पहले बंद कर दी गई थी पर वहां पर कई ऐसे बेस कीमती उपकरण मौजूद हैं जिसकी सुरक्षा के लिए तीनों पाली में कर्मचारियों को वहां भेजा जाता है खदान के अंदर पानी के मोटर लगे हैं जिसके लिए पानी निकालने का भी कार्य होता है, पिछले कुछ सालों से चोरों का आतंक इस खदान में कितना बढ़ गया है की दर्जनों की संख्या चोर आते हैं और कर्मचारियों को बंधक व डरा धमका कर दिलेरी के साथ खदान के अंदर घुसकर महंगे महंगे उपकरण व तारों को काट कर ले जाते हैं, जिससे एसईसीएल को काफी नुकसान भी हो रहा है पर एसईसीएल करे तो करे क्या और निहत्थे कर्मचारी आखिर इन चोरों से लड़े तो लड़े कैसे? इन सबके बीच कर्मचारियों की ही मुसीबत बन गई है यदि चोरी की वारदात को बचाने जाते हैं तो उनकी जान जा सकती है क्योंकि चोर का हथियारों के साथ आते हैं और यदी चोरी होने देते हैं तो उनके अधिकारी ही उन्हें फटकार लगाते हैं और उन्हें सजा भी देते हैं, कर्मचारी भी नौकरी करने से डरने लगे हैं, जब इसकी जानकारी मिलती है तो कॉलोनी से कई कर्मचारी और पुलिस वाले वहां पहुंचते हैं पर तब तक चोर भाग जाए रहते हैं, ऐसा सिलसिला पिछले कई सालों से चल रहा है जो रुकने का नाम नहीं ले रहा।





### रोज खदान में झुंड बनाकर चोर रात के 2 बजे पहुंचते हैं और चोरी की वारदात को अंजाम देते है

एसईसीएल सहक्षेत्र कटकोना के पांच नम्बर कोयला खदान को बंद कर दिया गया यहां पर पदस्थ कर्मचारियों को चरचा सहित अन्य खदानों में पदस्थ कर दिया गया था कुछ कर्मचारियों को खदान की देख रेख के लिए तैनात कर दिया गया था करीब 50 कर्मचारी जिसमें तीनों शिफ्ट मिलाकर यहां पदस्थ हैं पर दिन के दो शिफ्ट में चोरी की वारदात नहीं होती पर रात के शिफ्ट में कर्मचारियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है रोज इस खदान में झुंड बनाकर चोर रात के 2 बजे पहुंचते हैं और चोरी की वारदात को अंजाम देते है।

### चोरों ने इन कर्मचारियों को बंधक बनाया था

बंद कोयला खदान की सुरक्षा में तैनात एसईसीएल कर्मचारी बलवंत सिंह, असफाक अंसारी, गोरेलाल, राम कुमार शेषमणी पटेल, हेमंत कुमार अज्ञात चोरों ने बंधक बनया था।

### चोरी की जानकारी मिलने पर पुलिस व अन्य कर्मचारी रात भर हुए परेशान

रात के अंधेरे में बंद खदान पहुंचते हैं काफी संख्या में चोर और वहां पर तैनात कर्मचारियों का मोबाइल छीन बंधक बना बेशकीमती सामानों को चुरा कर ले जा रहे हैं शुक्रवार की रात भी कुछ ऐसे ही घटना को चोरों ने अंजाम दिया जब 5 कर्मचारियों को उन्होंने बंधक बना लिया और चोरी करने के बाद उन्हें छोड़ा और उनका मोबाइल वापस कर दिया, जिसकी जानकारी पर पुलिस हुआ इसी साल के अन्य कर्मचारी वहां पहुंचे पर तब तक चोर भाग चुके थे रात भर अब टॉर्च के सहारे जंगल में चोरों को कैसे खोजें यह भी एक सवाल है?

### आबादी क्षेत्र से दूर खदान चोरों के लिए आसान

कटकोना कि बंद खदान 3 एंड 4 आबादी क्षेत्र से करीब 8 किलोमीटर दूर पहाड़ पर स्थित है जिस वजह से चोरों के लिए चोरी करना भी आसान है रात के अंधेरे में चोर चोरी की घटना को अंजाम देते हैं और फिर जंगलों के रास्ते चले जाते हैं लंबे समय से चोरी की घटना को अंजाम दिया जा रहा है पर इस पर आज तक अंकुश नहीं लग पाया और इसमें कौन से चोर कहां के हैं जो इतनी संख्या में आते हैं इसका भी आज तक पुलिस पता नहीं लगा पाई, रिहायशी इलाके से दूर होने की वजह से चोरों के लिए खदान में चोरी करना आसान हो गया। कटकोना कालोनी से सड़क के रास्ते खदान की दूरी 8 किमी और पहाड़ के रास्ते खदान की दूरी डेढ़ किमी है जिस वजह से रात में खदान में कम कर्मचारी होने का फायदा चोर उठाते हैं और बंद कोयला खदान परिसर में जिस प्रकार से चोरी की वारदात बढ़ रही है ऐसे में चोरी करने आने वाले लोग वहां पदस्थ कर्मचारियों की जान भी ले सकते हैं ऐसी स्थिति निर्मित होते दिख रही है, इसके बाद भी एसईसीएल व पुलिस विभाग के आला अधिकारियों द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### 2019 से 2022 के बीच कई बार चोरों ने बंधक बनाया

बीते 4 साल में नकाब पोष चोरो ने कई बार कर्मचारियों को बंधक बनया और उनसे मारपीट की, एसईसीएल सहक्षेत्र कटकोना के पांच नम्बर बंद कोयला में तांबा व लोहा चोरी करने पहुंचे जहां पदस्थ कर्मचारियों के रोकने पर चोरों द्वारा बंधक बना लिया जाता है और मोबाईल छिनने के बाद उनकी पिटाई की जाती है 2019 ने 28 मई मंगलवार को भी 30 नकाबपोष चोरों ने बंद खदान परिसर में प्रवेश किया जहां पदस्थ कर्मचारियों की निगाहें उन पर पड़ी तो उन्हें 3 लोग दिखे जिन्हें पकड़ने के लिए पदस्थ कर्मचारी गए जैसे ही वहां पहुंचे तो उनके बाकी साथी भी आ गए और वहां पदस्थ आठों कर्मचारियों को बंधक बना लिया और उनके मोबाईल छिनकर अपने पास रख लिए करीब 3 बजे से 4 बजे तक बंधक बनाकर रखा और उनकी पिटाई भी की उसके बाद उनका मोबाईल लौटा दिया और बोले कि जब भी हम चोरी करने आते हैं तो चोरी करने दिया करो नही तो इसी तरह तुम लोगों की पिटाई होगी।

### कई बार चोरों ने चोरी की वारदात को दिया है अंजाम

कालरी कर्मी ने बताया कि जब से खदान बंद हुआ है तब से लगातार चोरों के द्वारा यहां चोरी की घटना को अंजाम दिया जा रहा है खदान परिसर में रखे लोहे के कई उपकरण व तांबे के तार को लोग चुरा ले गए हैं इनकी संख्या अधिक होती है इस वजह से हम इनसे मुकाबला नहीं कर पाते हैं, चोरों की संख्या काफी अधिक होती है सप्ताह पहले भी खदान में अज्ञात चोर घुसे थे जिन्हें भगाने की हिम्मत हम लोग नहीं कर सके ।

### लोहा व तांबे का तार चोरी करने आते हैं चोर

कोयला खदान भले ही बंद हो गया है पर यहां आज भी करोड़ों रूपए का तांबा तार एवं लोहे से बने उपकरण पड़ा हुआ है, जिसकी चोरी खदान बंद होने के बाद से होने लगी है, षुरू षुरू चोरी करने के लिए कम संख्या में चोर आते थे लेकिन अब काफी संख्या में एक साथ झुण्ड बनाकर अज्ञात चोर बिना किसी डर के डंड़ा एवं धारदार हथियार लेकर खदान परिसर में आते हैं और सुरक्षा के लिए तैनात गिनती के एसईसीएल कर्मचारियों को डरा धमका कर बेखौफ होकर चोरी की घटना को अंजाम देकर आसानी से निकल जाते हैं, इस बात की जानकारी पुलिस को भी है लेकिन अब तक चोरी करने वालो तक पुलिस नहीं पहुंच सकी है।

# ग्रामीण बच्चों के बीच मिठाइयां व पटाखे ले पहुचे जिपं उपाध्यक्ष वेदांती तिवारी

-संवाददाता-
**बैकुण्ठपुर 23 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।** धनतेरस के पावन अवसर पर ग्राम सरईगहना में जिला पंचायत उपाध्यक्ष वेदांती तिवारी ग्राम के छोटे-छोटे बच्चों एवं बुजुर्गों के साथ पटाखे एवं मिठाई बांटकर धनतेरस एवं आने वाली दीपावली मनाई। खुशियों के त्यौहार के 1 दिन पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष वेदांती तिवारी ने विभिन्न ग्रामों का भ्रमण किया, बुजुर्गों, बच्चों, महिलाओं से मुलाकात की, मिष्ठान वितरणे कर दीपावली की अग्रिम बधाई दी और बच्चों को पटाखे बांटे। पटाखे पाकर एवं मिठाई खाकर बच्चों के चेहरे पर मुस्कान देखते बनता था।



वास्तव में खुशी बांटने का यह अभूतपूर्व तरीका है की सक्षम व्यक्ति और जननेता लोगों के बीच जाकर उनकी खुशियों को बढ़ाने का प्रयास करें। बच्चों और बुजुर्गों का कहना था कि हमारे साथ आज तक ऐसा दीपावली एवं धनतेरस नहीं मनाया गया। बच्चों से ऐसी बात को सुनकर श्री वेदांती तिवारी जी कि आंख नम हो गई। बच्चों ने वेदांती तिवारी को दिल से धन्यवाद दिया। वही जिला पंचायत उपाध्यक्ष वेदांती तिवारी ने कहा कि बच्चों में बहुत बड़ी ताकत होती है, जिनकी मुस्कान सारी उलझन और दुखों को समाप्त करने का सामर्थ्य रखती है। आधुनिकता और संकीर्णता के कारण जहां एक ओर समाज संकीर्ण हो जा रहा है, वहीं दूसरी ओर परिवार भी सिमट से जा रहे हैं। भौतिक खुशियों की चाह के कारण व्यक्ति अकेला होता जा रहा है। जिससे विभिन्न पर्व त्यौहार पहले जैसे आनंद और खुशियां नहीं दे पाते। परंतु किसी भी त्यौहार को सामूहिक रूप से मनाने पर उसकी खुशियां चौगुनी हो जाती हैं। वेदांती तिवारी जी ने कहा कि यदि लोग सामूहिक तौर पर खुशियां बांटना प्रारंभ कर दें तो जीवन में तनाव समाप्त हो जाएगा। साथ ही उन्होंने समस्त जिले वासियों को दीपावली की शुभकामनाएं प्रेषित की।

# चरचा छठ घाट का रंग रोगन का कार्य अंतिम चरण में



-संवाददाता-
**बैकुण्ठपुर 23 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।** नगर पालिका शिवपुर चरचा में अध्यक्ष लालमुनी यादव द्वारा छठ पर्व के पहले ही छठ घाट को साफ सफाई के साथ रंग रंगोन का कार्य करया जा रहा है छठ घाट का कार्य अंतिम चरण में है जिस प्रकार से छठ घाट की वॉल पेंटिंग व पुताई का कार्य किया गया है उससे वह आकर्षण का केंद्र बना हुआ है और छठ पर घाट एक सुंदर नजारा देखा जा सकता है। लोक आस्था का महापर्व छठ में कुछ ही दिन बचे हुए हैं जिसे लेकर तैयारियों का दौर अंतिम चरण में चल रहा है, जिले के सभी क्षेत्रों में छठ घाटों की साफ सफाई का काम परवान पर है। साफ सफाई के बाद घाटों को सजाने में भी लोग लग गए है। पवित्रता का महापर्व छठ आगामी सप्ताह से शुरू हो रहा है। चार दिवसीय पर्व नहाय खाय होगा। विदित हो कि छठ को लेकर शहरी क्षेत्रों में जहां छठ घाट की साफ-सफाई हो रही है वहीं गांवों में नदी के किनारे छठ घाट बनाए जा रहे हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए नगर पालिका शिवपुर-चरचा के नगर पालिका अध्यक्ष लाल मुनि यादव ने बताया कि नगर पालिका शिवपुर-चरचा के वार्ड क्रमांक 1 में स्थित छठ घाट का पुताई का कार्य अंतिम चरण पर है उन्होंने कहा कि वे छठ घाट का अपनी टीम के साथ में निरीक्षण किया, जल्द घाट को व्यवस्थित करने का निर्देश दिया है।

# हाथी को मारकर खेत में दफनाए जाने के मामले में नाबालिग समेत 12 आरोपी गिरफ्तार

-संवाददाता-
**कोरबा, 23 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।** कोरबा जिले के ग्राम बनिया में बेबी एलीफेंट को मारकर खेत में दफनाए जाने के मामले में नाबालिग समेत 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। हालांकि मुख्य आरोपी कमलभान उर्फ कोमल सिंह (51 वर्ष) अभी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है। कमलभान सिंह स्थानीय जनपद पंचायत सदस्य है। इधर मुख्य आरोपी का वनकर्मियों को धमकाने का एक ऑडियो भी वायरल हो रहा है। कमलभान उर्फ कोमल सिंह ने धमकी दी थी कि अगर हाथी फसलों को नुकसान पहुंचाएंगे, तो वो इस इलाके को हाथी विहीन कर देगा। वो सारे हाथियों को मार डालेगा। उसने वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों पर तमाम आरोप भी लगाए थे। फिलहाल कोमल सिंह फरार है, जिसकी तलाश वन विभाग की टीम कर रही है। वायरल ऑडियो में मुख्य आरोपी वनकर्मियों को धमकाते सुना जा सकता है, जिसमें वो कह रहा कि हाथी से मरने वाले लोगों के परिजनों को 6 लाख मुआवजा देते हो। अगर एक हाथी मारोगे तो हम 8 लाख रुपए देंगे। इस क्षेत्र को हाथी विहीन कर देंगे। वहीं गिरफ्तार आरोपियों में महाबलेश्वर सिंह (53), लखेश्वर प्रताप सिंह (32), जगदीश चंद्रमणि (57), उदय कुमार (45), धनसिंह (40), कृपाल कुमार (28), सूरज कुमार (31), राजेंद्र राम (35), घूरनदास (35), जगत श्रीवास (40) शामिल हैं। इनके अलावा 16 साल के एक नाबालिग आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के खिलाफ ढ्क्ष्ट की धारा 9, 39 (1) घ, 2 (14) एवं 16 ग, 50, 51 के तहत केस दर्ज किया गया है। सभी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

CMYK

# कोहली की शानदार पारी की बदौलत भारत ने पाकिस्तान को हराया

**मेलबर्न,23 अक्टूबर 2022।** ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में खेले गए सुपर 12 के एक मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को हरा दिया है। टी20 विश्व कप 2022 में दोनों ही टीमों के लिए आज पहला मुकाबला था। पहले ही मुकाबले में भारत को शानदार जीत मिली है। 2021 के विश्व कप में पाकिस्तान ने भारत को हराया था। इस जीत के साथ ही भारत ने 2021 टी20 विश्व कप में पाकिस्तान से मिली हार का बदला भी ले लिया है। विराट कोहली ने शानदार पारी खेलते हुए पूरे मैच को अपने पक्ष में किया। उन्होंने 53 गेंदों में 82 रनों की पारी खेली है जिसमें 6 चौके और 4 छक्के शामिल हैं। इसके अलावा हार्दिक पांड्या ने 40 रनों की योगदान दिया है। टॉस जीतकर भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने पाकिस्तान को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया था। पाकिस्तान की टीम ने 159 रन बनाए थे। भारत को जीत के लिए 160 रन बनाने थे। भारत की शुरुआत खराब रही। केएल राहुल और रोहित शर्मा काफी सस्ते में आउट हो गए। इसके बाद विराट कोहली ने एक छोर संभाले रखा था। सूर्यकुमार यादव का भी विकेट जल्दी गिर गया। अक्षर पटेल ने भी कुछ खास योगदान नहीं दिया

हार्दिक पांड्या और विराट कोहली में साझेदारी हुई। आखिरी ओवर में भारत को जीत के लिए 16 रन चाहिए थे। हालांकि पाकिस्तान की ओर से सभी तेज गेंदबाजों ने सधी हुई गेंदबाजी की। पाकिस्तानी गेंदबाज हरीश राउफ ने भारतीय बल्लेबाजों को काफी परेशान किया। इसके अलावा नसीम शाह ने भारत को सबसे पहला




झटका दिया था। इससे पहले भारत ने अर्शदीप सिंह और हार्दिक पंड्या की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर में पाकिस्तान को आठ विकेट पर 159 रन पर रोक दिया था। अर्शदीप ने चार ओवर में 32 रन देकर तीन विकेट लिये। उन्होंने पहले दो ओवर में ही पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम (0) और मोहम्मद रिजवान (चार) को आउट करके भारत को शानदार शुरूआत दिलाई। इसके बाद एशिया कप में जबर्दस्त प्रदर्शन करने वाले पंड्या ने 30 रन देकर तीन विकेट लिये। पाकिस्तान के लिये इफ्तिखार अहमद ने 51 रन बनाये और भारतीय गेंदबाजों के सामने बिल्कुल सहज दिखे।

स्पिनर आर अश्विन और अक्षर पटेल जूझते नजर आये लिहाजा छठे गेंदबाज पंड्या ने चार ओवर डाले। शान मसूद ने 42 गेंद में 52 रन बनाये लेकिन वह सहज नहीं दिखे। इससे 364 दिन पहले बाबर और रिजवान ने भारतीय गेंदबाजी को धता बताते हुए टी20 मैच में पाकिस्तान को भारत के खिलाफ सबसे बड़ी जीत दिलाई थी। पिछले कुछ दिन से बारिश के कारण एमसीजी की पिच कवर के भीतर थी और इसमें अभी भी नमी है और ऐसे में तेज गेंदबाजों को पिच से काफी मदद मिल रही है। भुवनेश्वर कुमार और अर्शदीप ने इसका पूरा फायदा उठाया। दोनों ने 130 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी की। पहले ओवर में भुवनेश्वर ने पाकिस्तानी बल्लेबाजों को हाथ नहीं खोलने दिये। वहीं अर्शदीप ने दूसरे ओवर की पहली ही गेंद पर बाबर को पगबाधा आउट किया।

# सौरव गांगुली ने नाम वापस लिया



**नई दिल्ली, 23 अक्टूबर 2022।** बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष सौरव गांगुली ने बंगाल क्रिकेट संघ के अध्यक्ष पद का चुनाव नहीं लड़ेंगे। उनके इस निर्णय के बाद उनके भाई स्नेहाशीष गांगुली के सीएबी के नए अध्यक्ष बनने का रास्ता साफ हो गया है। वहीं सीएबी के उपाध्यक्ष के लिए इस बीच अमलेंदु विश्वास ने समेत अन्य पदों के लिए कैंडीडेट्स ने नामांकन दाखिल किए हैं।

बंगाल क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव पद के लिए नरेश ओझा ने नामांकन दाखिल किया है। वहीं देवव्रत दास ने संयुक्त सचिव के पद के लिए, प्रबीर चक्रवर्ती के साथ, जिन्होंने सीएबी में कोषाध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। वहीं इन कैंडीडेट्स के विपक्ष में कोई नामांकन दाखिल नहीं किया गया है।

बता दें कि इससे पहले सौरव गांगुली ने पहले कहा था, वह भविष्य में सीएबी अध्यक्ष के पद के लिए लड़ेंगे। लेकिन 2015 से 2019 तक बीसीसीआई के प्रमुख पद होने के कारण उन्होंने इस पद को छोड़ दिया था। सीएबी छोड़ने के बाद जगमोहन डालमिया के बेटे अविषेक ने सीएबी के अध्यक्ष के रूप में कार्य संभाला। लेकिन अब अविषेक डालमिया का कार्यकाल समाप्त हो चुका है। उनकी जगह पर सौरव गांगुली के भाई स्नेहाशीष गांगुली अध्यक्ष बनने के लिए तैयार हैं। वहीं बीसीसीआई अध्यक्ष के रूप में सौरव गांगुली का कार्यकाल 18 अक्टूबर को समाप्त हो गया चुका है। पूर्व विश्व कप विजेता ऑलराउंडर रोजर बिन्नी को सर्वसम्मति से बोर्ड अध्यक्ष के रूप में चुना है।

बिन्नी के अध्यक्ष बनने के बाद टीम इंडिया ने दीपावली से ठीक एक दिन पहले पहले टी20 वर्ल्ड कप एक मैच में पाकिस्तान को करारी शिकस्त दी। पाकिस्तान को टीम इंडिया ने रविवार को 4 विकेट हराया है।

# खेल क्रूर और अनुचित हो सकता हैः भारत से पाकिस्तान की हार के बाद पीसीबी प्रमुख,रमिज राजा

**इस्लामाबाद 23 अक्टूबर 2022।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष रमिज़ राजा ने मौजूदा आईसीसी में टीम इंडिया को पांच विकेट से हार में पाकिस्तान टीम द्वारा की गई लड़ाई पर खुशी व्यक्त करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। टी20 वर्ल्ड कप। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के विस्फोटक अर्धशतक और हार्दिक पांड्या के साथ शतकीय साझेदारी ने रविवार को प्रतिष्ठित मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में चल रहे आईसीसी टी 20 विश्व कप के अपने ग्रुप 2, सुपर 12 मैच में भारत को पाकिस्तान को चार विकेट से हराने में मदद की। .राजा ने ट्वीट किया, ÷एक क्लासिक! आप कुछ जीतते हैं आप कुछ खो देते हैं और जैसा कि हम सभी जानते हैं कि यह खेल क्रूर और अनुचित हो सकता है। ष्ट टीम पाकिस्तान बल्ले और गेंद के साथ और अधिक नहीं दे सकता था। प्रयास पर बहुत गर्व है!÷

इस जीत के साथ भारत ग्रुप-2 में दो अंकों के साथ शीर्ष पर है।

भारत ने पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान ने अपने 20 ओवरों में 159/8 का स्कोर बनाया। शान मसूद (52) और इफ्तिखार अहमद




(51) ने ठोस अर्धशतक जमाए लेकिन पाकिस्तान लगातार विकेट गंवाता रहा। मसूद और अहमद के बीच 76 रन की साझेदारी पाकिस्तान के लिए महत्वपूर्ण थी।

हार्दिक पांड्या (3/30) और अर्शदीप (3/32) ने गेंद से भारत के लिए चमक बिखेरी। शमी और भुवनेश्वर को भी एक-एक विकेट मिला।

160 रनों का पीछा करते हुए भारत सात ओवर से भी कम समय में 31/4 पर सिमट गया। तब से, विराट और हार्दिक ने 113 रन की साझेदारी करते हुए खेल का पुनर्निर्माण शुरू किया। पांड्या 40 रन पर आउट हो गए लेकिन विराट ने 53 गेंदों में छह चौकों और चार छक्कों की मदद से नाबाद 82 रन बनाकर अपनी टीम को चार विकेट से जीत दिलाई।

विराट को उनकी पारी के लिए मैन ऑफ द मैच मिला।

संक्षिप्त स्कोर पाकिस्तान 159/8 (शान मसूद 52*, इफ्तिखार अहमद 51; हार्दिक पांड्या 3-30) बनाम भारत- 160/6 (विराट कोहली 82*, हार्दिक पांड्या 40, हारिस रऊफ 2/36)। (एएनआई)

## अरेवलो-रोजर ने पुरुष युगल खिताब जीता

**स्वीडन , 23 अक्टूबर 2022।** मार्सेलो अरेवालो और जीन जूलियन रोजर ने यहां फाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त लॉयड ग्लासपूल और हैरी हेलियोवारा को 6-3, 6-3 से हराकर रविवार को स्टॉकहोम ओपन में पुरुष युगल खिताब पर कब्जा कर लिया। एक मजबूत प्रदर्शन में, शीर्ष वरीय एटीपी 250 इवेंट में 67 मिनट के बाद जीत के लिए अपने विरोधियों की दूसरी सर्विस पर 79 प्रतिशत (15/19) अंक जीते।



सितंबर में यूएस ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद से अरेवलो और रोजर पहली बार प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। हालांकि, उन्होंने स्टॉकहोम में मुकाबले का थोड़ा संकेत दिखाया, सीजन के अपने चौथे टूर-स्तरीय खिताब के रास्ते में सिर्फ एक सेट छोड़ दिया।

इस सीजन की शुरुआत में इस जोड़ी ने रोलां गैरो में अपना पहला ग्रैंड स्लैम जीतने से पहले डलास और डेलरे बीच में टूर-लेवल के खिताब अपने नाम किया।

साल्वाडोरन-डच टीम नवंबर में ट्यूरिन में एटीपी फाइनल में प्रतिस्पर्धा करेगी, क्योंकि उन्होंने पिछले महीने प्रतिष्ठित एंड-ऑफ-इयर इवेंट के लिए क्वालीफाई किया था।

ग्लासपूल और हेलियोवारा इस समय एटीपी लाइव डबल्स टीम रैंकिंग में 3,240 अंकों के साथ छठे स्थान पर हैं। वे नौवें स्थान पर काबिज सिमोन बोलेली और फैबियो फोगनिनी से 570 अंक आगे हैं।

## इस साल कुशल का प्रदर्शन लगातार अच्छा रहा

**कोलंबो, , 23 अक्टूबर 2022।** अपने आईसीसी टी 20 विश्व कप मैच में आयरलैंड पर अपनी टीम की नौ विकेट से जीत के बाद, श्रीलंका के कप्तान दासुन शनाका ने सलामी बल्लेबाज कुसल मेंडिस की उनके प्रदर्शन के लिए प्रशंसा करते हुए कहा कि वह इस साल लगातार रहे हैं और ज्यादातर समय मैच की स्थिति के अनुसार खेले हैं। श्रीलंका के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के दबदबे वाले प्रदर्शन ने उन्हें रविवार को होबार्ट के बेलेरिव ओवल में सुपर -12 मुकाबले में आयरलैंड पर नैदानिक नौ विकेट की जीत में मदद की।

÷जिस तरह से हमने खेल खेला है उससे वास्तव में खुश हैं, हमने कुछ चीजें करने के लिए तैयार किया और अच्छा किया। हम जानते थे कि स्पिन एक प्रमुख भूमिका निभाएगा, हमें पता था कि वे गति चाहते हैं, इसलिए हमने पीठ के लिए बहुत सारी स्पिन रखी- अंत। वह इस साल (कुसल मेंडिस पर) लगातार रहा है, ज्यादातर बार स्थिति के अनुसार खेला है, यही वह क्षेत्र है जिसमें उसने सुधार किया है। श्रीलंका को लंबे समय तक जिस निरंतरता की जरूरत थी, वह हमें एक विलासिता देता है। मौत गेंदबाजी एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है, बल्ले से शुरुआत बहुत महत्वपूर्ण है और यही वह जगह है जहां हम आगे जाकर सकारात्मकता ले सकते हैं। आज हमें समर्थन देने वाले समर्थकों के लिए धन्यवाद, ÷शनाका ने मैच के बाद की प्रस्तुति में कहा।

इस जीत के साथ श्रीलंका ग्रुप 1 में दो अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है जबकि आयरलैंड शून्य अंक के साथ पांचवें स्थान पर है और कोई जीत नहीं है।

आयरलैंड ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला करते हुए अपने 20 ओवरों में 128/8 का स्कोर बनाया। आयरलैंड के लिए हैरी टेक्टर (45) और पॉल स्टर्लिंग (34) शीर्ष स्कोरर रहे। टेक्टर और जॉर्ज डॉकरेल (14) के बीच 47 रन की साझेदारी आयरिश के लिए पारी बचाने वाली साबित हुई।

## अनिल कपूर,माधुरी दीक्षित की जमाई राजा का बनेगा रीमेक

1990 की सुपरहिट मसाला फिल्म जमाई राजा 32 साल बाद फिर से दर्शकों का मनोरंजन करने जा रही है। बुधवार को फिल्म के 30 साल पूरे होने के मौके पर फिल्म के रीमेक की आधिकारिक घोषणा की गई है। इस फिल्म में अनिल कपूर, माधुरी दीक्षित और हेमा मालिनी मुख्य भूमिका में नजर आए थे। फिल्म में अनिल और हेमा के तकरार को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। दर्शकों को अब इस रीमेक की अन्य जानकारियों का इंतजार है।




जमाई राजा 19 अक्टूबर, 1990 को रिलीज हुई थी। यह उस साल की सबसे चर्चित फिल्मों में शामिल थी। फिल्म एक सास और दामाद के टकराव की कहानी थी। दर्शकों ने फिल्म में अनिल और माधुरी की जोड़ी को भी खूब पसन्द किया था। फिल्म का निर्देशन ए कोदनंदरामी रेड्डी ने किया था। यह तेलुगु फिल्म अट्टकु यमुडु अम्माईकी मोगुडू की हिंदी रीमेक थी। अब इस फिल्म को यूट्यूब, अमेजन प्राइम वीडियो और एमएक्स प्लेयर पर देखा जा सकता है। फिल्म के 30 साल पूरे होने के मौके पर इसके रीमेक की घोषणा की गई।

रिपोर्ट्स के अनुसार शीमारू एंटरटेनमेंट, इंडियन मीडिया एंटरटेनमेंट (ढ्ढरूश्वह्र) के साथ मिलकर रीमेक के निर्माण करेगी। जहां पिछली बार यह एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म थी, वहीं चर्चा है कि इस बार फिल्म का स्क्रीनप्ले ऐक्शन ड्रामा के रूप में तैयार किया जाएगा। फिल्म के स्टारकास्ट के बारे में फिलहाल कोई घोषणा नहीं कि गई है।

शीमारू एंटरटेनमेंट के सीईओ हीरेन गाड़ा ने अपने बयान में कहा, हम देश का मनोरंजन करने के लिए नए-नए तरीके ढूंढने में अग्रणी हैं। इस इंडस्ट्री के ट्रेंड्स के साथ खुद को बदलते रहना जरूरी है। जमाई राजा के लिए आईएमईएन के साथ हाथ मिलाना, नए दर्शकों को पुराने कंटेंट से रूबरू कराने की तरफ हमारा पहला कदम है। पुराने क्लासिक को नए तरीके से बनाने में उनका एक्सपर्टीज है।


## एस.एस. राजामौली की अगली फिल्म में महेश बाबू के साथ नजर आएंगी दीपिका पादुकोण

आरआरआर की अभूतपूर्व सफलता के बाद, निर्देशक एस.एस. राजामौली तेलुगु सुपरस्टार महेश बाबू के साथ अपनी अगली फिल्म बना रहे हैं। राजामौली के पिता के.वी. विजयेंद्र प्रसाद ने फिल्म की कहानी लिखी है और इसे वास्तविक जीवन की घटनाओं से प्रेरित कहा जाता है और नवीनतम चर्चा यह है कि इसमें महेश बाबू के साथ बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण होंगी।

संभावित रूप से एसएसएमबी29 शीर्षक वाली यह फिल्म एक एडवेंचर ड्रामा है और 2023 की पहली छमाही तक इसके फ्लोर पर जाने की संभावना है। रिपोर्ट्स के अनुसार, यह पहली बार होगा जब दीपिका और महेश एक साथ काम करेंगे। इस बीच, दीपिका वर्तमान में प्रोजेक्ट के नामक एक और अखिल भारतीय फिल्म में व्यस्त हैं, जहां वह प्रभास, अमिताभ बच्चन और सुनील शेट्टी के साथ नजर आएंगी। फिल्म, जिसे कोविड -19 महामारी के कारण एक साल की देरी हुई, का निर्देशन नाग अश्विन कर रहे हैं।







## मैंने रॉक क्लाइम्बिंग करना सीखा,बोरवेल और गड्ढे में सीक्वेंस शूट कियाःनिहारिका रॉय

टीवी अभिनेत्री निहारिका रॉय ने शो 'प्यार का पहला नाम राधा मोहन' में एक स्टंट करते हुए खुलासा किया। उन्होंने कहा कि एक्शन सीक्वेंस उनके लिए नए हैं और उन्हें करने में उन्हें मजा आता है। अभिनेत्री, जो वर्तमान में शो में महिला प्रधान राधा की भूमिका निभा रही हैं, ने कहा, मैंने अपने करियर में पहली बार शो में कई स्टंट किए हैं लेकिन मुझे कहना होगा, मेरे लिए हर दिन नई सीख है। मैंने रॉक क्लाइम्बिंग करना सीखा, मैंने बोरवेल और गड्ढे में एक सीक्वेंस शूट किया।

शो जो राधा (निहारिका) और मोहन (शब्बीर अहलूवालिया) की प्रेम कहानी है, में राधा द्वारा किया गया एक एक्शन सीक्वेंस होगा। आगामी एपिसोड में वह मोहन के साथ अपनी शादी को रोकने के लिए दामिनी (संभाना मोहंती द्वारा अभिनीत) द्वारा आग में धकेलती हुई दिखाई देगी। निहारिका ने कहा कि इन स्टंट को करना उनके लिए कभी आसान नहीं होता लेकिन वह उन्हें करते हुए हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करती हैं।

आगे कहा, इनमें से अधिकांश स्टंटों पर मेरी पहली प्रतिक्रिया यह है कि 'मैं इसे कैसे करूंगी?' फिर मैंने एक गहरी सांस ली और इसे करने के लिए अपना सब कुछ दे दिया। हाल ही में, मैंने आग के साथ एक सीक्वेंस शूट किया, और यह मेरे लिए चुनौतीपूर्ण था। यह एक छोटा सा कमरा था जो चारों तरफ से आग से जगमगा रहा था, यह डरावना था फिर भी रोमांचक था।

'प्यार का पहला नाम राधा मोहन' जी टीवी पर प्रसारित होता है।





















प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा साईं ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)